# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज



लखनऊ, मंगलवार 04 मार्च 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 14, अंक 59


रेखा गुप्ता ने दिल्ली बजट पर... ● लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र ● न्यूजीलैंड को लग रहा था ऑस्ट्रेलिया...

## एफआईआर का आदेश रद्द कराने हाईकोर्ट पहुंचीं पूर्व सेबी चीफ माधबी पुरी बुच, चार मार्च को होगी सुनवाई

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की पूर्व अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और तीन पूर्णकालिक निदेशकों ने लिस्टिंग धोखाधड़ी मामले में उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए मुंबई की एक अदालत द्वारा पारित आदेश को रद्द करने के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। कोर्ट दाखिल याचिकाओं पर 4 मार्च को सुनवाई करेगा। यह सेबी द्वारा एक बयान जारी करने के बाद आया है जिसमें कहा गया है कि वह उक्त फैसले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा। इसने शिकायत को तुच्छ और आदतन वादी की ओर से आने के कारण खारिज कर दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार इस मामले का उल्लेख न्यायाधीश एससी डिगे के समक्ष किया गया और कल सुनवाई होने की उम्मीद है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सेबी अधिकारियों की ओर से पेश हुए। बॉम्बे हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था। यह मामला 1994 में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में एक कंपनी की लिस्टिंग से संबंधित वित्तीय

## पहले हुआ झगड़ा, फिर चार्जर की तार से गला घोंट कर की हत्या

■ 36 घंटे में हिमानी नरवाल मर्डर केस का खुलासा

एजेंसी



**रोहतक।** सांपला में झाड़ियों में संदिग्ध अवस्था में कांग्रेस नेत्री हिमानी नरवाल का शव सूटकेस में मिला था। इस मामले पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के अंदर वारदात का खुलासा किया और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी को आज पेश अदालत कर पुलिस रिमांड पर हासिल किया जायेगा। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों रिलेशनशिप में थे। इस मामले पर रोहतक रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केके राव ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि 1 मार्च को रोहतक पुलिस टीम को दिल्ली रोड नजदीक बस स्टैंड सांपला पर झाड़ियों में पड़े काले रंग की सूटकेस में संदिग्ध अवस्था में एक युवती का शव बरामद हुआ। प्रारंभिक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए हत्या करने और सबूत को छिपाने या मिटाने का मामला पाए जाने पर अभियोग संख्या 86ध्2025 धाराधीन 103(1), 238 बीएनएस थाना सांपला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक रोहतक नरेन्द्र बिजारणिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी में उप पुलिस अधीक्षक सांपला रजनीश, प्रभारी थाना सांपला निरीक्षक बिजेन्द्र, प्रभारी पुलिस चौकी शहर सांपला पीएसआई नरेन्द्र को शामिल किया गया। युवती की शिनाख्त के प्रयास किए गए। 12 घंटे में मृतका युवती की पहचान हिमानी निवासी विजय नगर रोहतक के रूप में हुई। 2 मार्च को युवती के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी टीम रोहतक ने 36 घंटे में दिल्ली के मुंडका से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान सचिन उर्फ ढिल्लू पुत्र देवेन्द्र निवासी गांव खेरपुर जिला झज्जर (उम्र 30 वर्ष) के रुप में हुई है। जांच में सामने आया कि आरोपी शादीशुदा है और आरोपी के दो बच्चे है। आरोपी की गांव कानौन्दा जिला झज्जर मे मोचाइल रिपेयरिंग की दुकान है। उन्होंने कहा कि पैसों के लेन-देन को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ है।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर में पिता-पुत्र की मौत

**झांसी।** झांसी जनपद में पूंछ थानाक्षेत्र में सोमवार को एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर में मोटसाइकिल सवार की पिता -पुत्र की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना पूंछ थानाक्षेत्र में ढेरी की पुलिया के पास की है। मोटरसाइकिल से ससुराल में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर लौट रहा समथर निवासी विक्रम अपने तीन साल के बेट बाबू और साली इंदु के साथ मोटरसाइकिल पर सवार था जैसे ही इनकी मोटरसाइकिल ढेरी की पुलिया के पास पहुंची ट्रक ने इन्हे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक तेज रफ्तार से गलत दिशा से आ रहा था और उसने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने तीनों मोंठ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां विक्रम और बाबू की मौत हो गयी जबकि गंभीर रूप से घायल इंदु को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी।

## तुरंत बच्चे पैदा करें, नवविवाहितों से मुख्यमंत्री ने की अपील

एजेंसी



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने परिसीमन योजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए नवविवाहितों से एक अनोखी अपील की है। उन्होंने कहा कि वे जल्द से जल्द बच्चे पैदा करें और उन्हें अच्छे तमिल नाम दें। स्टालिन का यह बयान उस वक्त आया है जब तमिलनाडु में परिसीमन और तीन-भाषा नीति को लेकर राजनीति गरमा गई है। तमिलनाडु के नागपट्टिनम में डीएमके जिला सचिव के विवाह समारोह में सीएम स्टालिन ने कहा, ष्मैं पहले नवविवाहितों से कहता था कि वे अपनी सुविधा के अनुसार परिवार बढ़ाएं, लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं। केंद्र सरकार परिसीमन जैसी नीतियां लागू करने की योजना बना रही है, जो तमिलनाडु के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं। हमने परिवार नियोजन को सफलतापूर्वक लागू किया, लेकिन अब हमें इसके दुष्परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने आगे कहा, अगर संसदीय सीटों का निर्धारण जनसंख्या के आधार पर होता है, तो तमिलनाडु की लोकसभा सीटें घट सकती हैं। इसलिए मैं अब नवविवाहितों से अपील करता हूं कि वे तुरंत बच्चे पैदा करें और उनका नाम अच्छे तमिल शब्दों पर रखें। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 1 मार्च को अपने 72वें जन्मदिन पर भी परिसीमन और भाषा नीति को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि तमिलनाडु इस समय दो अहम लड़ाइयां लड़ रहा है। पहली लड़ाई भाषा की स्टालिन ने कहा कि हिंदी थोपने की कोशिश की जा रही है, जो तमिलनाडु के लिए अस्वीकार्य है। दूसरी लड़ाई परिसीमन की उन्होंने कहा कि अगर संसदीय सीटों का निर्धारण जनसंख्या के आधार पर होता है, तो तमिलनाडु की सीटें कम हो सकती हैं।

महाकुंभ के दौरान साफ नहीं था संगम का पानी ?

## सीएम योगी ने बताया फर्जी रिपोर्टिंग

एजेंसी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को महाकुंभ के दौरान संगम में प्रदूषण की खबरों को खारिज कर दिया और कहा कि व्यापक जल गुणवत्ता निगरानी से पता चला कि पूरे आयोजन के दौरान नदी साफ रही। लखनऊ में भारतीय प्रबंधन संस्थान के अधिकारियों और भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों की एक सभा में बोलते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि निराधार दावों के बावजूद, हमारे राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और स्वतंत्र प्रयोगशालाओं ने लगातार संगम में पानी की गुणवत्ता को निम्न स्तर पर पाया है।

योगी ने कहा कि महाकुम्भ-2025, प्रयागराज जो भी आया, अद्भुत संगम को देखकर अभिभूत हुआ। जिसने जिस रूप में महाकुम्भ-2025, प्रयागराज को देखा, उसको वही दर्शन हुए। उन्होंने कहा कि 2013 में जब मॉरीशस के प्रधानमंत्री दौरे पर आए थे तो उन्होंने गंगा में प्रदूषण देखकर डुबकी लगाने से परहेज किया था। हमने सुनिश्चित किया कि इस बार ऐसी घटना न हो। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए पहले दिन से ही निवारक उपाय किए कि कोई भी सीवेज या औद्योगिक कचरा गंगा या यमुना में न गिरे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे गंभीर प्रदूषण बिंदु कानपुर था, जहां 125 वर्षों तक, जाजमऊ में प्रतिदिन चार करोड़ लीटर अनुपचारित सीवेज गंगा में प्रवाहित होता था। हमने इसे तीन साल पहले बंद कर दिया था और आज, सीवेज की एक भी बूंद नदी में नहीं गिरती है। आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि कानपुर के टेनरी अपशिष्टों को, जो कभी अत्यधिक जहरीला था और गंगा में जलीय जीवन को खत्म करने के लिए जिम्मेदार था, सख्त नियंत्रण में लाया गया है। उन्होंने कहा कि हमने दो साल पहले चौबीसों घंटे सीसीटीवी निगरानी स्थापित की थी और सभी टेनरियों के लिए उपचार संयंत्र अनिवार्य कर दिए थे। जो इसका पालन करने में विफल रहे, उन्हें बंद करना पड़ा।

## आईआईटी बाबा ने दी सुसाइड की धमकी

**जयपुर।** सोशल मीडिया पर आईआईटी बाबा के नाम से मशहूर अभय सिंह को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर आत्महत्या की धमकी दी, जिसके बाद जयपुर पुलिस तुरंत हरकत में आई। सूचना मिलते ही शिप्रा पथ थाना पुलिस जयपुर के रिद्धि सिद्धि पार्क क्लासिक होटल पहुंची, जहां अभय सिंह ठहरे हुए थे। जब पुलिस ने अभय सिंह से सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने बताया कि वह गांजे के नशे में थे और उन्हें याद नहीं कि उन्होंने क्या कहा। पूछताछ के दौरान, अभय सिंह ने अपने पास मौजूद गांजा भी पुलिस को दिखाया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने अभय सिंह के पास से 1.50 ग्राम गांजा बरामद किया। चूंकि यह मात्रा अल्पमात्रा (कम मात्रा) में थी, इसलिए पुलिस ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। उनके खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जयपुर पुलिस ने समय पर कार्रवाई करते हुए संभावित आत्महत्या की घटना को टाल दिया।

## ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में 4 की मौत

एजेंसी



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां पर जिले की लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बरस गांव के पास सोमवार को ट्रक (डंपर) और ऑटोरिक्शा के बीच टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और अन्य सात गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक, लालगंज से सवारियां लेकर ऑटोरिक्शा चालक रायबरेली की ओर जा रहा था, लेकिन बरस गांव के पास ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटोरिक्शा के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने बताया कि तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल की तरफदौड़े और ऑटोरिक्शा में फंसे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत गई। पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इसकी जानकारी होने पर उप जिलाधिकारी डलमऊ राजितराम गुप्ता अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली है। मृतकों में लालगंज के महेशखेड़ा निवासी ऑटोरिक्शा चालक रजनीश शर्मा और खीरों थाना क्षेत्र के एकौनी निवासी निगम (20) शामिल हैं। जबकि दो अन्य मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

## सुप्रीम कोर्ट की अलाहबादिया को शो शुरू करने की इजाजत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया को अपने पॉडकास्ट द रणवीर शो को दोबारा शुरू करने की मंजूरी दे दी। कोर्ट ने शर्त रखी कि वो अपने शो में कुछ भी अश्लील नहीं दिखाएंगे। यूट्यूबर ने कोर्ट में एक आवेदन दायर कर कोर्ट के आदेश के उस हिस्से को हटाने की मांग की थी, जिसमें शो को प्रसारित करने से रोक दिया गया था। दरअसल, समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में माता-पिता पर अभद्र टिप्पणी के विवाद के बाद देश के कई शहरों में उन पर एफआईआर हुई थीं। इसके बाद अलाहबादिया के पॉडकास्ट द रणवीर शो में सेलिब्रिटीज ने आने से इनकार कर दिया था।

## केजरीवाल के खिलाफ एक और जांच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सत्ता से बाहर हो चुकी अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ एक और जांच का आगाज हो गया है। दिल्ली विधानसभा में सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे पर पेश सीएजी रिपोर्ट को अब जांच के लिए पब्लिक अकाउंट्स कमिटी (पीएसी) को भेज दिया गया है। तीन महीने में इसकी रिपोर्ट आएगी। विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को सीएजी रिपोर्ट पर बहस के बाद यह आदेश दिया। विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सदन ने सीएजी रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की, जिसे पटल पर 28 फरवरी को रखा गया था। इसमें स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी गंभीर खामियों को उजागर किया गया है। यह ऑडिट 2016-17 से 2021-22 की अवधि के लिए किया गया था, जब आम आदमी पार्टी सत्ता में थी। उन्होंने कहा कि इसमें कई तरह तरह की खामियों को उजागर किया गया है। स्पीकर ने कहा, मैं यह व्यवस्था देता हूं कि सदन की लोक लेखा समिति प्राथमिकता के आधार पर सीएजी रिपोर्ट की जांच करेगी और तीन महीने में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

◆ पीएसी को भेजी गई सीएजी की रिपोर्ट

## दिल्ली सीएम बोलीं- बजट सत्र 24-26 मार्च के बीच होगा

◆ सुझाव के लिए मेल और वॉट्सऐप नंबर जारी किए, कहा हम हर वादे पूरे करेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 से 26 मार्च के बीच होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उनके साथ कैबिनेट के 6 मंत्री भी मौजूद थे। रेखा गुप्ता ने बजट के लिए दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। रेखा गुप्ता ने बताया कि हम दिल्ली की जनता का बजट लाना चाहते हैं। इसके लिए हमनें दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। हमारे सभी मंत्री और विधायक भी लोगों से मिलेंगे और दिल्ली की बेहतरी के लिए लोगों से जरूरी सुझाव लेंगे। सीएम ने कहा कि सरकार छुट्टियों में भी काम कर रही है। सचिवालय में शनिवार और रविवार को भी अफसर काम कर रहे हैं। मैं दिल्ली की जनता से कहना चाहती हूं कि हमनें जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे। दिल्ली विधानसभा सत्र के आखिरी दिन सोमवार को सीएजी की पेश दो रिपोर्ट शराब नीति और हेल्थ पर चर्चा हो रही है। सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। 25 और 28 फरवरी को दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने विधानसभा में दोनों की रिपोर्ट रखी थी।

## मोदी ने की एनबीडब्ल्यूएल की सातवीं बैठक की अध्यक्षता

**जूनागढ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया और राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल, नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ) की सातवीं बैठक की अध्यक्षता भी की।

राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने वन्यजीव संरक्षण में सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों की समीक्षा की, जिसमें नए संरक्षित क्षेत्रों के निर्माण और प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफेंट, प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड जैसे प्रजाति-विशिष्ट प्रमुख कार्यक्रमों में उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। बोर्ड ने डॉलफ़िन और एशियाई शेरों के संरक्षण संबंधी प्रयासों और अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट्स एलायंस की स्थापना पर भी चर्चा की।






## वाराणसी में तैनात तीन महिला कांस्टेबल का सराहनीय कार्य

# 4250 लोगों को परिजनों से मिलाया

शकुन टाइम्स संवाददाता
देवेंद्र पांडेय


जया त्रिपाठी


शिवानी सिंह


लक्ष्मी तिवारी

**वाराणसी।** महाकुंभ के पलट प्रवाह के दौरान काशी में रोजाना लाखों की संख्या में श्रद्धालु आकर दर्शन किए।इस बीच ड्यूटी करने के दौरान तीन महिला सिपाहियों ने भीड़ में भटके हुए 4250 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया।कमिश्नरेट के वरिष्ठ अफसरों की शाबाशी से गदगद तीनों महिला सिपाहियों ने कहा कि ड्यूटी के साथ मिला सेवा करने का अवसर मिला और याद भी रहेगा।लालपुर पांडेयपुर थाने की आरक्षी शिवानी सिंह,मंडुवाडीह थाने की लक्ष्मी तिवारी और लोहता थाने की जया त्रिपाठी ने की ड्यूटी महाकुंभ के पलट प्रवाह के दौरान गोदौलिया चौराहे पर लगाई गई थी।तीनों भीड़ के बीच परिजनों से बिछड़ कर भटकते हुए लोगों के लिए एनाउंसमेंट कर उनकी मदद करती थीं।विभागीय वॉट्सएप ग्रुप,परिजन के मोबाइल नंबर के माध्यम से सहयोग करती रही शिवानी,लक्ष्मी और जया ने कहा की शुरुआत में हम तीनों सिर्फ एनाउंसमेंट करने तक ही सीमित थे। राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र बिहार से लगायत देश भर के जो भी श्रद्धालु हमें मिले, हमने तत्परता के साथ मदद कर उनके परिजनों से संपर्क कर मिलाया गया। तीनों महिला सिपाहियों ने बताया कि परिजनों से बिछड़ने वालों में लगभग 80 प्रतिशत बुजुर्ग महिलाएं थीं। एडीसीपी काशी जोन सरवणन टी ने कहा कि महाकुंभ की ड्यूटी के दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने अपनी ड्यूटी अच्छे से की।तीनों महिला सिपाहियों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन अच्छे से करते हुए बिछड़े-भटके हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलाकर शानदार काम किया है।

## सांसद प्रिया सरोज ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर कैंप का किया शुभारंभ

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** रमदीयालगंज बाजार स्थित ग्राम सभा कैलावर में भव्य नि ःशुल्क चिकित्सा शिविर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्वांचल के प्रसिद्ध एम बी बी एस एवं एमडी कुल 8 डॉक्टरों का पैनल के द्वारा मरीजों का नि ःशुल्क उपचार एवं दवा वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन श्री वासुदेव फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा किया गया। वहीं इस फाउंडेशन की शुरुआत 2016 में हुई जो महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में अपनी शाखाएं बनाकर गरीब लाचार लोगों की सेवा में जुट गई। वही आज जौनपुर जिले के कैलावार गांव में ग्रामीण कार्यालय के उद्घाटन के उपलक्ष में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जौनपुर के प्रसिद्ध आठ डॉक्टरों का पैनल गांव में पहुंचकर नि ःशुल्क उपचार और दवाई वितरित किया। वही दुर्गा सिटी हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आलोक यादव ने बताया कि आज का आयोजन ऐतिहासिक रहा जिसमें विभिन्न प्रकार के डॉक्टरों द्वारा 500 से ज्यादा लोगों की ओपीडी अटेंड की गई है। इस अवसर पर हिमानी हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शैली निगम जी ने 150 महिलाओं को नि ःशुल्क उपचार किया और दवा भी वितरण की और इस अवसर पर मडियाहू के प्रतीक मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल प्रसिद्ध डॉक्टर एम.के. यादव भी ने निशुल्क ओपीडी देखी और इस मौके पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव एवं जिलाअध्यक्ष अवधेश यादव , विधानसभा अध्यक्ष राहुल यादव ,सचिव अवधेश पाल ,ब्लॉक अध्यक्ष नीरज सिंह आदि लोगों पर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से नदी में गिरी बाइक, एक की मौत

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के मिर्जापुर क्षेत्र में गंदेवड़ हथनीकुंड मार्ग पर सोमवार सुबह ट्रैक्टर ट्राली का किनारा लगने से बाइक सवार तीन युवक नहर में गिर गए जिनमें से एक की मृत्यु हो गयी जबकि दो को बचा लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे सचिन, लवीस और कार्तिक निवासी गांव लतीफपुर भूड़ पावटा साहिब से बाइक से गांव लौट रहे थे कि गांव नौशेरा के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली का किनारा लगने से बाइक बेकाबू होकर नहर में जा गिरी। इस हादसे में कार्तिक (20) नहर में बह गया। ग्रामीणों ने नहर से कुछ दूरी पर जब उसे निकाला तो उसकी मौत हो चुकी थी। आसपास के लोगों ने दो अन्य युवकों सचिन और लवीस को सकुशल बचा लिया। पुलिस ने परिजनों के आग्रह पर कार्तिक का शव बिना पोस्टमार्टम कराए उन्हें सौंप दिया। एक अन्य घटन में फतेहपुर क्षेत्र में बीती रात 24 वर्षीय युवक दक्ष की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार युवक गंभीर हालत में सड़क किनारे पड़ा हुआ था। उसके पास ही उसकी स्कूटी भी पड़ी हुई थी। पुलिस ने उसे फतेहपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के सिर में चोट के निशान थे।

### 38 साल पुराने हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस ने 38 साल पुराने हत्या के मामले में फ़रार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी साधु का भेष धारण कर चित्रकूट के फ़्लहारी आश्रम में छिप कर रह रहा था। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में थाना बिसंडा पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोपी बाबूलाल पुत्र सिकदार, निवासी पल्हरी, थाना बिसंडा, बांदा ने जमीन विवाद में 30 जुलाई 1985 को अपनी लाइसेंसी बंदूक से पड़ोसी की हत्या कर दी थी। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल भी हुआ था।जिला एवं सत्र न्यायालय ने 28 जुलाई 1986 को बाबूलाल को आजीवन कारावास और 2000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई थी। बाद में उच्च न्यायालय ने उसे सशर्त जमानत दे दी। न्यायालय ने समय-समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। लेकिन आरोपी फ़रार हो गया। बांदा एसपी ने क्षेत्राधिकारी बबेरु सौरभ सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने सुरागरसी कर आरोपी को सतना (मध्य प्रदेश) स्थित फ़्लहारी आश्रम से गिरफ्तार किया। आरोपी वहां साधु के भेष में अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था।

### ब्रह्मकुमारी आश्रम से 5 लाख की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**उरई/जालौन।** जालौन में ब्रह्मकुमारी आश्रम से हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी बेनी प्रसाद कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 26 जनवरी की रात को कदौरा स्थित आश्रम से 5 लाख रुपए और चांदी के बर्तन चुराए थे। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बताया कि ब्रह्म कुमारी शिवी ने अज्ञात लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में कदौरा थाना प्रभारी प्रभात सिंह के नेतृत्व में एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शहादतपुर रोगी गांव के पास से आरोपी को पकड़ा। उन्होंने बताया कि जिस चोर द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया। वह मोबाइल का उपयोग नहीं करता था। जिसके बाद जमीनी तहकीकात करने के बाद आरोपी बेनी प्रसाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को कबूल किया।

## विद्युत उपकेंद्र पलहीपट्टी की 9.5 घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हरहुआ/वाराणसी।** समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 04 मार्च दिन मंगलवार को समय सुबह 08.30 बजे से शाम 06.00 बजे तक 33 / 11 केवी विद्युत् उपकेंद्र पलहीपट्टी से निकलने वाले समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति (पावर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि 05 रुङ्क से 10रुङ्क करने हेतु) बाधित रहेगी। पलहीपट्टी, भयथाऊली,राजापुर ,गर्थमा, महागाव ,गोसाईपुर, आदि क्षेत्र प्रभावित रहेगी उक्त कार्य से बेहतर बोल्टेज मिलेगी व कटौती की समस्या से निजात मिलेगी। उपभोक्ताओं की समस्या के लिए खेद है। उक्त आशय की जानकारी श्री अमित कुमार श्रीवास्तव उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खण्ड

## सड़क हादसे में तीन मरे, एक घायल

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश में अमरोहा जिले के देहात थाना क्षेत्र में सोमवार को कांठ रोड़ पर दो बाइकों की टक्कर में घायल दंपत्ति समेत चार लोगों को मिनी ट्रक ने रौंद दिया जिनमें तीन की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज़ सुबह लगभग सात बजे कांठ रोड़ स्थित छावी गांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर के दौरान कांठ की ओर से आ रहे तेज़ रफ़्तार मिनी ट्रक ने लहुलुहान हालत में सड़क पर गिरे दंपति समेत चार लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में दंपति समेत तीन की जान चली गई जबकि राजू नामक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे मुरादाबाद स्थित विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में मरने वालों में थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव सिहाली निवासी जयवीर सिंह (40) तथा उनकी पत्नी आदेश (38) के अलावा अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव झनकपुरी निवासी जितेंद्र(30) शामिल हैं।

## अजनबी दर्शनार्थी की मदद करके मिशाल बना अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** आज जहा भागदौड़ भरी भीड़ में लोग एक दूसरे को नजरअंदाज करते हैं ऐसे मे मानवता की मिशाल बना अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के सदस्य, और डॉ अभय प्रताप सिंह, शुक्रवार की रात के 9 बजे अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के सदस्य अंकित गुप्ता रामदयाल गंज बाजार में किसी कार्य से गए थे! तभी राजस्थान से दो टूरिस्ट की बस काशी विश्वनाथ मंदिर से दर्शन करके अयोध्या धाम जा रही थी, कुछ दर्शनार्थी उतर कर चाय नास्ता कर के जब जाने लगे तो उसी मे एक सवारी नरेश सोनी राजस्थान उम्र 45 वर्ष फिसल कर गिर गए, जब लोगों ने देखा तो उनके हाथ में फ्रेक्चर हो गया था, तुरंत अंकित गुप्ता ने ट्रस्ट अध्यक्ष उर्वशी सिंह से बात किया, अंकित ने अपने वाहन से बैठाकर जौनपुर एस आर एस हॉस्पिटल लेके पहुचे जहा, डॉक्टर अभय प्रताप सिंह ने मानवता और अतिथि देवो भव के नक्शे कदम पर कोई शुल्क या फीस ना लेकर नि:शुल्क पूरा इलाज किया ।टूरिस्ट नरेश सोनी ने कहा कि आज के समय में बिना स्वार्थ के कोई किसी की मदद नहीं कर्ता है ऐसे में एक अंजान शहर में आपके अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के साथ डॉ अभय प्रताप सिंह ने इतना सहयोग और मदद किया जिसे हम आजीवन नहीं भूलेंगे मुझे लगा ही नहीं कि हम किसी दूसरे राज्य और अंजान शहर में है, भविष्य में मौका मिला तो फिर आप सभी से मिलने जौनपुर जरूर आयेंगे! आप सभी के समाज मे सेवा की तत्परता देखकर अच्छा लगा कि इतनी रात में भी किसी की मदद के लिए सक्रिय हो गए, नहीं तो पता नहीं हम लोग क्या करते, अच्छा लगा जानकर आज भी ऐसे लोग है! अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार सदैव अपने सराहनीय और नेक कार्यो के लिए शहर में एक सम्मानित स्थान रखता है, ट्रस्ट द्वारा सदैव लोगों की सेवा और ब्लड डोनेशन का कार्य भी करती रहती है!

## बाबा के चमत्कार से 25 वर्ष बाद घर में किलकारियां चहक उठी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** अशोक टाकीज के सामने सद्भावना रोड मे बाबा के चमत्कार से 25 वर्ष बाद घर में किलकारियां चहक उठी है। यह हम नही कह रहें है।

बल्कि पच्चीस वर्षो से दर-बदर की ठोकर खाने वाले संतान के लिए परेशान दम्पत्ति का कहना है। लड़के की आस को लेकर महिला कई हॉस्पिटलों का चक्कर काट चुकी है विदेश तक कराया इलाज। लेकिन मायूसी हाथ लगी थी। पीड़ित परिवार की माने तो सारे रिपोर्ट आते थे नॉर्मल फिर भी हाथ मे निराशा लगती थी। किस्मत तब बदली। जब मिलने पहुंची बाबा से कहा कि आंचल सुना है हमारी भी अर्जी लगा दीजिए मां से। और घर में हम भी खिलाएं अपने ललनवा को हमारी भी पुकार सुन लो मां के सेवक। दम्पत्ति-पत्नी-पति एक वर्ष पहले किसी के बताने पर जौनपुर नगर के सद्भावना पुल के पास मां दुर्गा की पूजा पाठ करने वाले बाबा से मिली और उन्होंने भविष्यवाणी की जाओ तुमको पुत्र रत्न की प्राप्ति होगी। उसके ठीक एक वर्ष बाद 15 फरवरी 2025 को महिला को सकुशल लड़का पैदा हुआ और महिला ने कहा कि यह बाबा का चमत्कार ही है। जो अपने सूने हूए घर के आंगन को भर दिया। बाबा का जितना धन्यवाद किया जाए उतना कम है हमें आस्था पर पूर्ण रूप से विश्वास हो गया है कि अगर सही नियत से अपनी मांग मांगी जाए तो जरूर देता है भगवान। मैं दुर्गा मां का बहुत-बहुत आभारी हूं कि हमारी सुनी गोद को भर दी। 2001 मे शादी हुई थी लेकिन आज तक गोद सुनी थी।

उधर बाबा विमल गुरु जी ने मीडिया से बात करते हुए कैमरे पर बताया कि एक साल पहले आये थे। मां के सेवक के रूप मे पिछले दस वर्षो से हूं। मां से अर्जी लगाया मां ने सुन लिया। मां की कृपा से ही चमत्कार हुआ है। जौनपुर मे बाबा के चमत्कार से 25 वर्ष बाद घर में किलकारियां चहक उठी है। जौनपुर के रामदयाल गंज की रहने वाले दंपति परिवार में शादी के दो दशक बाद खुशियों की रौशनी लौट आई है। विज्ञान के आधुनिक युग मे ऐसी खबर भी सोचने पर मजबूर कर देती है। क्या वाकई बाबा का चमत्कार कहेंगे या फिर संयोग।

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं एवं मातृ शक्तिओं की भूमिका अहमः विद्याधर राय विद्यार्थी

शकुन टाइम्स संवाददाता




**जौनपुर।** सशक्त राष्ट्र के निर्माण में युवाओं एवं मातृ शक्तिओं की अहम भूमिका होती है, इसके बगैर कोई समाज या देश विकास की कल्पना भी नहीं कर सकता है। उक्त विचार वरिष्ठ पत्रकार विद्याधर राय विद्यार्थी ने नगर के ईशापुर स्थित रमानाथ महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि डा. पवन कुमार मौर्य, प्राचार्य डा. शोभित श्रीवास्तव, प्रबंधक नरेंद्र नाथ मौर्या, सर्वेश मौर्या , शंकर बख्श सिंह, डा. धनंजय सिंह, अजय कुमार मौर्या द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना ( एनएसएस ) के महत्व एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया । एनएसएस की कार्यक्रम रेनू गुप्ता ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रुप रेखा को रेखांकित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि विद्याधर राय % विद्यार्थी को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज यादव, रवि प्रकाश पाण्डेय, शगुन पाठक, ज्योति त्रिपाठी, दीक्षा मौर्या, श्वेता मौर्या, साजिदा बेगम आदि की उपस्थिति रही । स्वागत गीत वंदना यादव व मनीषा अग्रहरि द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन डाली मौर्या एवं साक्षी मौर्या ने किया ।

### फतेहपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष ठगी के शिकार

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में भाारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं फतेहपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष ने पांच जालसाजों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। पुलिस सूत्रो ने सोमवार को बताया कि भाजपा नेता को लखनऊ के गोमतीनगर में जमीन दिलाने के एवज में ठगों ने 50 लाख रुपये ऐंठ लिए। जालसाजी का पता चलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कोतवाली में पांच के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम करा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू सिंह को पांच लोगों ने लखनऊ के गोमतीनगर में दो जमीन का पेपर कूट रचित तैयार करके दिया और जमीन दिलाने का भरोसा दिलाकर 50 लाख रुपये ऐंठ लिए। जब उन्हें ठगी का पता चला तो वह पांच लोगों को नामजद करते हुए कोतवाली फतेहपुर में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तुझको क्या हो गया बनारस पुस्तक का काशी में लोकार्पण

## विद्या - प्रेम संस्कृति न्यास द्वारा विशिष्ट जनों को किया गया सम्मानित

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** विद्या-प्रेम संस्कृति न्यास द्वारा तुझको क्या हो गया बनारस पुस्तक का लोकार्पण एवं अलंकरण समारोह 2025 इस वर्ष काशी हिंदू विश्वविद्यालय वैदिक विज्ञान केंद्र सभागार में शनिवार को संपन्न हुआ रामनगर नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय प्रेम किशोर पांडेय की रचनाओं पर आधारित पुस्तक तुझको क्या हो गया बनारस का संपादन उनकी सुपुत्री डॉ कल्पना पांडेय नवग्रह द्वारा किया गया है दीप प्रज्वलन के साथ काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा कुल गीत मधुर मनोहर अतिव सुंदर के उपरांत पुस्तक का लोकार्पण मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्यकार डॉ सविता चड्ढा ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आनंद वर्धन शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के प्रवक्ता डॉ अशोक ज्योति रहे। आमंत्रित विशिष्ट जनों का स्वर्गीय प्रेम किशोर पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या पांडेय एवं उनके ज्येष्ठ पुत्र सत्येंद्र किशोर पाण्डेय ने स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्रम देकर स्वागत किया

सर्वप्रथम न्यास के संरक्षक, डॉ. आर.के. सिंह (वरिष्ठ चिकित्सक, नोएडा) ने संस्था का परिचय कराते हुए अपने उद्बोधन कहां की स्वर्गीय प्रेम किशोर पांडेय के जन्मदिन के अवसर पर संस्था प्रतिवर्ष साहित्य जगत से जुड़े विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान करती है इस वर्ष उनके द्वारा संकलित रचनाओं पर आधारित पुस्तक का विमोचन काशी में किया जा रहा है । संस्था की अध्यक्ष डॉक्टर कल्पना पांडेय ने स्वर्गीय श्री प्रेम किशोर पांडेय के व्यक्तित्व, उनके सामाजिक -राजनीतिक जीवन, सांस्कृतिक सद्भाव, साहित्यिक गहराई, उनके दर्शन पर चर्चा करते हुए संस्था की स्थापना उसके उद्देश्य की जानकारी दी।प्रति वर्ष दिए जाने वाले प्रेम रत्न व विद्या-श्री सम्मान के बारे में बताते हुए अपने पिता द्वारा रचित कविताओं, गीत, गजलों के संग्रह तुझको क्या हो गया बनारस के संपादन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पुस्तक युवा वर्ग के लिए चिंतनीय, पठनीय और शोधनीय हैं कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ.अनिल कुमार सिंह ने स्वर्गीय श्री प्रेम किशोर पांडेय के अद्भुत एवं सम्मोहक व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए अपनी स्मृतियों में झाँककर बीते हुए खूबसूरत पलों को लोगों के साथ साझा किया और भव्य आयोजन की गरिमापूर्ण उद्देश्य के लिए संस्था को अपनी शुभकामनाएँ दीं। इस वर्ष %प्रेम रत्न% सम्मान से सम्मानित काशी हिंदू विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ वशिष्ठ द्विवेदी अनूप ने अपने संबोधन में स्वर्गीय श्री प्रेम किशोर पांडेय जी के द्वारा रचित विभिन्न प्रकार की कविताओं, गीत-गजलों पर अपनी पैनी नज़र से विश्लेषण करते हुए उन्हें वर्तमान समय के अग्रगण्य कवियों के तुल्य बताया और शोधार्थियों से आग्रह किया कि वे इस प्रकार की सारगर्भित रचनाओं पर अपनी पकड़ मज़बूत बनाने के लिए उनका अध्ययन करें। संस्था द्वारा दिए गए विद्याश्री सम्मान से सम्मानितआचार्य रामचंद्र शुक्ल हिंदी शोध संस्थान की अध्यक्ष डॉ मुक्ता ने अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वर्गीय श्री प्रेम किशोर पांडेय की रचनाओं में कबीर के समान जीवन दर्शन और हर परिस्थितियों की समसामयिक विवेचना है। विद्या-प्रेम संस्कृति न्यास% द्वारा इस वर्ष लघुकथा संग्रह के लिए बुरहानपुर मध्य प्रदेश के लेखक संतोष परिहार को %छोटे-छोटे महायुद्ध ' के लिए सर्वश्रेष्ठ लघु- कथाकार सम्मान से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संस्था के द्वारा चयनित और सम्मानित होने पर उन्हें अत्यंत हर्ष एवं गौरव का अनुभव हो रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर अशोक ज्योति ने श्री प्रेम किशोर पांडेय की रचनाओं को कालजई बताया और उनके व्यक्तित्व की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए समाज पर उनका प्रभाव अविस्मरणीय है जिसे कभी भी बुलाया नहीं जा सकता कहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आनंद वर्धन ने कहा कि तुझको क्या हो गया बनारस की अनेक कविताओं गीतों और गजलों को पढ़ते हुए वातावरण को प्रेममय बनाया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पांडेय जी का व्यक्तित्व अद्भुत ,प्रभावशाली और बहुत ही आकर्षक था। उनकी रचनाओं में एक गहरा दर्शन है, जीवन है, सांस्कृतिक और सामाजिक सद्भाव है जिसे आज के वातावरण को बहुत ज़रूरत है। कार्यक्रम का समापन करते हुए अपने अध्यक्षीय संबोधन में अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा ने कहा कि %विद्या- प्रेम संस्कृति न्यास% बेटियों द्वारा समाज के लिए दिखाने वाला एक पवित्र और संदेशप्रद पथ है जो माता-पिता के प्रति सच्चे अर्थो में सुंदर भावों का प्रदर्शन है ।लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय पीडीडीयू नगर चंदौली हिंदीविभागध्यक्ष डॉ. इशरत जहां ने अपने संबोधन में कहा कि बचपन की स्मृतियों को ताज़ा करते हुए पंडित प्रेम किशोर पांडेय के उदारमना होने के साथ प्रगतिवादी सोच की आज भी समाज को बहुत ज़रूरत है

शेयर जमजम रामनगरी ने कहा कि इस जहां को वर्ग-जाति भेद के दलदल में न फँसने की प्रार्थना करते हुए,समरसता की प्रतिमूर्ति को याद करते हुए स्वर्गीय प्रेम किशोर पांडेय के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की जरूर आज के युवा लोगों को है %खो गया तू किधर खो गया तू किधर% नूरुल जी ने इन पंक्तियों से स्वर्गीय श्री प्रेम किशोर पांडेय को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभागार में गाजियाबाद, नोएडा ,गोरखपुर, बनारस मध्य प्रदेश, दिल्ली ,रामनगर ,चंदौली और आस-पास के इलाकों से लोगों की उपस्थिति रही हिंदी विभाग से डॉ प्रियंका सोनकर, डॉ. प्रीति त्रिपाठी,डॉ. महेंद्र प्रसाद कुशवाहा, डॉ राजकुमार मीणा, डॉ रवि शंकर सोनकर मौजूद थे। डॉ. नीलम सिंह, डॉ. स्वर्णा जायसवाल, डॉ. राम अवध यादव, डॉ शशिकला त्रिपाठी के साथ काशी हिंदू विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के अनेक शोधार्थी छात्रों ने भी इस आयोजन हिस्सा लिया।



# अटेवा ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बनाई रणनीति

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** कल दिनांक 2 फरवरी को अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच की बैठक गोरखपुर विश्वविद्यालय के सामने पंत पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने किया।अपने संबोधन मे बताया कि भारतीय शेयर बाजार में गिरावट की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है । भारतीय शेयर बाजार में 28 साल की सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई के जो आंकड़े सामने आए हैं वह बेहद चौंकाने वाले हैं। बीते 5 महीने में बीएसई का मार्केट कैपिटल करीब 91.3 लाख करोड़ का हो गया है,इसका मतलब बीते 5 महीने में बाजार से 91 लाख करोड़ की रकम साफ हो चुकी हैं जो अपने आप में चिंता का विषय है और सरकार में बैठे अर्थशास्त्रियों के मुंह पर तमाचा है जो दिन रात एनपीएस का गुणगान करते रहे हैं। बैठक का संचालन अटेवा के जिला महामंत्री ज्ञान प्रकाश व जिला कोषाध्यक्ष विरेन्द्र प्रसाद ने किया । नेताद्वय ने बताया की एनपीएस और यूपीएस देश का सबसे बड़ा घोटाला है एनपीएस में देश के शिक्षक और कर्मचारियों का पैसा प्रत्येक दिन डूबता जा रहा है और सरकार चुप है, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के जो आंकड़े जारी किए गए हैं वह चौंकाने वाले हैं पिछले 5 महीना से शिक्षक कर्मचारियों का 91 लाख करोड रुपए डूबने का सीधा मतलब है कि सरकार शिक्षक कर्मचारियों के हेतु का सुरक्षा करने में असफल है । जिला उपाध्यक्ष राजकुमार व संतोष पाठक ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा/नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन ने अपना राष्ट्र व्यापी आंदोलन घोषित कर दिया है जिसमें 25 फरवरी से 10 मार्च तक सांसदों को ज्ञापन,15 मार्च से 31 मार्च तक पुरानी पेंशन बहाली के लिए जागरूकता अभियान, 1 अप्रैल 2025 को शिक्षक कर्मचारी पूरे देश में एनपीएस यूपीएस के खिलाफ काला दिवस मनाएंगे । अर्जुन गुप्ता और वरुण दुबे ने बताया कि 1 मई 2025 को जंतर मंतर नई दिल्ली में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन है जिसमें देश के कोने-कोने से सभी शिक्षक,कर्मचारी व विभिन्न संगठन के लोगों की उपस्थिति रहेगी।बैठक में सुनील कुमार दूबे, ज्ञान प्रकाश सिंह, राजकुमार, संतोष कुमार पाठक,मनोज कुमार शर्मा,रामराज, यादवेन्द्र यादव सहजनवा ब्लाक अध्यक्ष,अवधेश कुमार, इश्तियाक अहमद, वरुण दुबे, राजकुमार चौहान, आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ से बचाने के लिए खर्च होंगे करीब 18 करोड़

शकुन टाइम्स संवाददाता

**श्रावस्ती।** राप्ती नदी की बाढ़ व कटान से जिलेवासियों को बचाने के लिए करीब 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन रुपयों से डेढ़ किलोमीटर तटबंध के सुरक्षात्मक कार्य कराए जाएंगे। साथ ही लैबुड़वा व मनिकाकोट गांवों में कटाव निरोधी कार्य कराया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिले की सीमा में करीब 65 किलोमीटर तक बहने वाले राप्ती नदी अपने तट पर बसे करीब 77 गांवों में प्रतिवर्ष कहर बरपाती रही है। राप्ती की बाढ़ की चपेट में आने से तमाम गांवों में आवागमन ठप हो जाता है। करीब 12 गांव ऐसे भी हैं जहां बाढ़ के दौरान मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया कराना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर बना रहता है। वहीं मुख्यालय भिनगा सहित तहसील क्षेत्र के अन्य गांवों को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए परसा तिलकपुर व खजुहा झुनझुनिया अंधरपुरवा तटबंध का निर्माण कराया गया था। यह तटबंध कई स्थानों पर बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था।इसे दुरुस्त कराने के लिए 14 करोड़ 36 लाख 40 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे राप्ती नदी के बाएं तटबंध स्थित खजुहा झुनझनिया अंधरपुरवा तटबंध के किलोमीटर 3.260 से 3.760 तक 500 मीटर व 20.810 से 21.210 तक 400 मीटर और परसा डेहरिया तिलकपुर सीमांत तटबंध के किलोमीटर 5.750 से 5.950 तक 200 मीटर, किलोमीटर 18.400 से 18.800 तक 400 मीटर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराए जाएंगे। साथ ही नदी के बाएं तट पर बसे लैबुड़वा व मनिकाकोट को बाढ़ व कटान से बचाने के लिए तीन करोड़ 58 लाख 56 हजार रुपये खर्च कर कटाव निरोधी कार्य कराया जाएगा।

## संक्षिप्त सामाचार

### श्रीमद् भागवत कथा के लिए निकली कलश यात्रा

**पिपरौली।** क्षेत्र के बनौडा गांव में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तहत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बनौड़ा गांव से गाजे-बाजे के साथ हर्षोल्लास के साथ कालेसर राप्ती नदी के तट पर पहुंची।वहां से जल भरकर वापस बनौड़ा गांव पर आई। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में बच्चे, बूढ़े, नौजवान व महिलाएं हर्षोल्लास के साथ चल रहे थे। 3 मार्च दिन सोमवार से प्रारंभ इस श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का 10 मार्च को हवन पूजन व भंडारे के साथ समापन होगा। प्रतिदिन भोला शंकर तिवारी महाराज द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य यजमान देवंती देवी, नरसिंह ,श्याम नारायण पांडेय, अभिषेक सिंह,राकेश सिंह ,धर्मदेव सिंह, अर्जुन सिंह, मनोज सिंह, संजीत सिंह ,विश्वजीत सिंह, दुर्गेश सिंह, अरुण सिंह, अर्पित सिंह, प्रिंस सिंह, वेदांत सिंह, अयांश सिंह, अनिकेस सिंह सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### पीड़ितों की पीड़ा से रूबरू हुए कप्तान

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक के जनता दर्शन मे फरियादियों की भीड़ उमड़ रही है, आज सोमवार को भी पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने जनता दरबार सजाया, फरियादियों ने स्थानीय पुलिस पर उनकी शिकायतों को नहीं सुने जाने की शिकायतो की रही है स जबकि पुलिस अधीक्षक पहले ही थानेदारों को सचेत कर चुके है कि जनता की समस्याओ का थाने स्तर पर निस्तारण किया जाना चाहिए स इसके बाद भी लगातार जिले के पुलिस मुखिया के सामने अपनी पीड़ा को लेकर फरियाद लगाने को मजबूर हो रहे है, पुलिस अधीक्षक आज सोमवार को जनता दर्शन' में आये फरियादियों की समस्याएं, शिकायतों को सुना। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतोंप्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियोंध्थाना प्रभारियों को शीघ्र ओर निष्पक्ष जाँच कर निस्तारित करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाने के निर्देश दिए।

### बारात से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, पोस्टमॉर्टम को भेजा

**बस्ती।** जनपद में एक दुखद सड़क हादसा सामने आया है। पैकोलिया थाना क्षेत्र के गुलरिहा जीतीपुर मस्जिद के पास परसा-परशुरामपुर मार्ग पर यह घटना हुई। रविवार रात करीब 1 बजे बाइक सवार नीरज वर्मा की मौत हो गई। नीरज वर्मा (21) नरथरी गांव का रहने वाला था। वह रविवार को जीतीपुर में एक बारात में शामिल हुआ था। बारात से लौटते समय वह अपने बड़े भाई पंकज के ससुराल सलेमपुर जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पैकोलिया थाने के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि कानूनी कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### हर्रैया में बैंक ऑफबड़ौदा की नई शाखा शुरू

**बस्ती।** बैंक ऑफबड़ौदा ने हर्रैया में अपनी नई शाखा का संचालन शुरू कर दिया है। यह शाखा 3 मार्च 2025 से ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करेगी। शाखा में ग्राहकों को कई आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी। इनमें बचत और चालू खाता, एफ्डी-आरडी, विभिन्न प्रकार के लोन शामिल हैं। साथ ही एमएसएमई और कृषि वित्तीय सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। डिजिटल बैंकिंग के लिए नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई की सुविधा दी जाएगी।

# साढ़े छः वर्षीय आयशा ने रखा अपना पहला रोजा

शकुन टाइम्स संवाददाता



आयशा कहती थी मुझे भूख प्यास कुछ भी नहीं लगा है।

**गोरखपुर।** माह-ए-रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो चुका बड़ो के साथ साथ नन्हें रोज़ेदारों के भी हौसले बुलंद हैं।

नगर पंचायत सहजनवां के मेन मार्केट में स्थित सोनू ड्रेसेज के प्रोपराइटर अज़ीज़ अहमद की साढ़े छह वर्षीय बेटी आयशा ने मुकद्दस माह-ए-रमजान के पहले दिन इतवार का रोजा रखने की अपने अम्मी अब्बू से इच्छा जताई । माता पिता ने बेटी को समझाया, कि अभी छोटी हो न रहो लेकिन बेटी आयशा रोजा

रखने की अपनी जिद पर अड़ी रही। बेटी की जिद के आगे माता पिता ने रोजा रखने की इजाजत दे दी। उन्होंने माता पिता के साथ सेहरी कर रोजा रखा। पहला रोजा रखने से बच्ची के चेहरे पर भूख प्यास का असर साफ दिखाई दिया, लेकिन आयशा कहती थी मुझे भूख प्यास कुछ भी नहीं लगा है।

बेटी आयशा ने रमजान के पहले दिन इतवार का अपना रोजा पूरी किया । मां ने भी बेटी की अफ्तारी के लिए विशेष पकवान बनाए और सभी परिजनों ने रोजा साथ में अफ्तार किया। बच्ची के रोजा रखने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल बना रहा और बेटी भी रोजा रखकर खुश दिखाई दी, घर वालों नें आयशा को फूलों का माला पहनाकर उसकी हौसला अफ़ज़ाई की।

माह-ए-रमजान में रोजा, सिर्फ खाने पीने से रुकने का नाम नहीं है, बल्कि वह जिस्मानी, रूहानी और समाजी दुरुस्तगी और इंसानी हमदर्दी, अखलाक और मुहब्बत को बढ़ावा देता है और कुदरत के नेअमतों का अंदाजा होता है। वहीं नन्हीं परी रोजेदार आयशा को माह-ए-रमजान का पहला रोजा रखने पर माता-पिता सहित घरवालों, रिश्तेदार, गांव वालों एवं क्षेत्रवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# सरकारी नौकरी मिलते ही पत्नी ससुराल जाने से किया इंकार

## पीड़ित पति ने पत्नी के विदाई के लिए थाने में लगाया गुहार

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की का शादी देवरिया जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र के गांव द्वारिका के विष्णु प्रताप सिंह के साथ 21 अप्रैल 2024 को हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ था, इस शादी में दुल्हन के लिए दूल्हा पक्ष के द्वारा लगभग 5 लाख से ऊपर का सोने चांदी के गहना दुल्हन को उपहार स्वरूप दिया गया था। शादी के समय दुल्हन उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी। इस वजह से दुल्हन के पिता ने दूल्हा पक्ष के लोगों से इस बात पर राजी कर लिया की परीक्षा खत्म होते ही हम अपने बेटी का विदाई आपके घर कर देंगे ,जिस पर दूल्हा पक्ष के लोग भी राजी हो गए , तथा दोनों पक्षों के रजामंदी से 1 वर्ष के बाद दुल्हन की विदाई की तिथि शादी वाले दिन ही तय हो गई थी।

शादी के बाद लड़की ने पुलिस परीक्षा पास की और उसकी नौकरी उत्तर प्रदेश पुलिस में लग गई, नौकरी लगने के बाद से दुल्हन तथा उसके परिजनों की नियत खराब हो गया और वह लोग दुल्हन की विदाई करने से इनकार करने लगे ।

नियत तिथि के अनुसार आज दूल्हा पक्ष अपने दुल्हन की विदाई कराने के लिए जब बारात लेकर लड़की वाले के दरवाजे पर पहुंचा तो लड़की के परिजनों ने लाठी डंडा लेकर उनको मारने के नियत से दौड़ा लिए, और गाली गुप्ता देकर विदा नहीं करने की बात कहने लगे, जिससे मजबूर होकर लड़का पक्ष स्थानीय थाना कसया में एक तहरीर दिया है।

दूल्हा विष्णु प्रताप सिंह ने अपने पत्नी के विदाई के लिए कसया थानाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाया है। पीड़ित दूल्हा ने कहा कि मेरा शादी जब उस लड़की से हुआ है तो हमारी पत्नी की विदाई हमारे साथ कराया जाना न्याय उचित है।

# तमकुहीराज तहसीलदार का तबादला

## कप्तानगंज न्यायिक तहसीलदार की मिली जिम्मेदारी

शकुन टाइम्स संवाददाता




**तमकुहीराज/कुशीनगर ।** प्रशासनिक फेरबदल के तहत तमकुहीराज तहसीलदार चन्दन शर्मा का स्थानांतरण कर उन्हें कप्तानगंज तहसील में न्यायिक तहसीलदार के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं, कप्तानगंज तहसील के न्यायिक तहसीलदार जितेन्द्र कुमार सिंह को तमकुहीराज तहसील का नया तहसीलदार बनाया गया है।

**प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण के लिए बदलाव**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह स्थानांतरण किया गया है। चन्दन शर्मा के कार्यकाल में तमकुहीराज तहसील में राजस्व मामलों के निस्तारण में गति देखने को मिली थी। उन्होंने भूमि विवादों के निपटारे और सरकारी योजनाओं के सही क्रियान्वयन में विशेष योगदान दिया। अब उन्हें कप्तानगंज तहसील में न्यायिक तहसीलदार की भूमिका निभानी होगी, जहां उनके अनुभव से प्रशासनिक सुधार की उम्मीद की जा रही है। वहीं, नव नियुक्त तमकुहीराज तहसीलदार जितेन्द्र कुमार सिंह के कप्तानगंज में कार्यकाल के दौरान राजस्व मामलों में पारदर्शिता और न्यायिक संतुलन बनाए रखने की सराहना की गई थी। अब तमकुहीराज तहसील में उनकी नियुक्ति से स्थानीय नागरिकों को त्वरित न्याय और प्रशासनिक दक्षता की अपेक्षा है।

**नव नियुक्त तहसीलदार ने क्या कहा ?**

नव नियुक्त तहसीलदार जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि वह जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। वहीं, चन्दन शर्मा ने कप्तानगंज तहसील में अपने नए कार्यभार को चुनौतीपूर्ण बताते हुए कहा कि वह अपने अनुभव का उपयोग करते हुए न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत करेंगे।

**जनता की उम्मीदें और प्रशासनिक दृष्टिकोण**

इस तबादले को लेकर आम जनता की निगाहें अब नए तहसीलदार पर टिकी हैं। तमकुहीराज क्षेत्र में कई भूमि विवाद और प्रशासनिक चुनौतियाँ हैं, जिनसे निपटने की जिम्मेदारी जितेन्द्र कुमार सिंह पर होगी। वहीं, कप्तानगंज में चन्दन शर्मा के न्यायिक फैसलों में उनकी निष्पक्षता की परीक्षा होगी। इस फेरबदल से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने और आम जनता को त्वरित न्याय मिलने की उम्मीद की जा रही है।

# गोरखपुर से अयोध्या धाम होते हुए लखनऊ राजमार्ग एनएच- 28 पर दोनों किनारे एक्सप्रेसवे की तरह सुरक्षा कवच लगाने का विषय उठाया एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** विधानसभा सत्र में आज उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने जनहित विषय पर बोलते हुए कहा कि जनपद गोरखपुर से अयोध्या धाम होते हुए लखनऊ राजमार्ग ह॥- 28 पर दोनों किनारे एक्सप्रेसवे की तरह सुरक्षा कवच लगाने का विषय उठाया। जनहित के इस विषय को सदन के पटल पर उठाया।

उन्होंने कहा कि जनपद गोरखपुर से अयोध्या धाम होते हुए लखनऊ राजमार्ग ह॥- 28 पर महाकुंभ के आयोजन के अतिरिक्त सामान्य आवागमन पर आकर्षित करना चाहता हूं कि उक्त गोरखपुर से अयोध्या धाम होते हुए लखनऊ तक रोड के दोनों किनारे पर सुरक्षा न होने के कारण दुर्घटनाएं अधिक होती है जिससे कि जनमानस की अत्यधिक क्षति हो जाती है उक्त मार्ग फोर लेन राजमार्ग है उक्त मार्ग पर अत्यधिक आवागमन का दबाव होने के कारण उक्त मार्ग को 6 लेन में परिवर्तित कर रोड के दोनों किनारे पर हाईवे सेफ्टी गार्ड सुरक्षा किया जाना जनहित में अत्यधिक आवश्यक है अत: इस लोकमहत्वत सुनिश्चित विषय पर सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए जनपद गोरखपुर से अयोध्या धाम होते हुए जनपद गोरखपुर से ह॥-28 को 4 लेन के स्थान पर 6 लेन में परिवर्तित कर रोड के दोनों किनारे पर हाईवे सेफ्टी गार्ड सुरक्षा बनाए जाने जनहित के इस विषय पर सदन से आवश्यक कार्यवाही की मांग की ।

### बारात से लौट रही टाटा पंच कार में लगी आग

**बस्ती।** जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में एक बारात से लौट रही टाटा पंच कार में अचानक आग लग गई। हालांकि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। घटना रविवार देर रात लगभग 1 बजे की है। अनुपाखोर निवासी दुर्गेश चौधरी अपने मित्रों के साथ डेफ्री गांव में एक बारात में शामिल होने गए थे। वापसी के दौरान जैसे ही उनकी कार (न्व्51ठभ्3431) डेफ्री गांव से निकली, उन्हें गाड़ी से धुआं निकलता दिखाई दिया।

दुर्गेश और उनके साथी तुरंत कार से बाहर निकल गए। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। घटना की सूचना डायल 112 और फायर ब्रिगेड को दी गई। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक करीब दो साल पुरानी टाटा पंच कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। सौभाग्य से इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# पांच वर्षीय ज़ायरा ने रखा अपना पहला रोजा

♦ माह-ए-रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो चुका बड़ो के साथ साथ नन्हें रोज़ेदारों के भी हौसले बुलंद हैं।

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** दरियाचक रसूलपुर मे नजमुल हुदा की पांच वर्षीय बेटी ज़ायरा ने मुकद्दस माह-ए-रमजान के पहले दिन इतवार का रोजा रखने की अपने अम्मी अब्बू से इच्छा जताई । माता पिता ने बेटी को समझाया, कि अभी छोटी हो न रहो लेकिन बेटी ज़ायरा रोजा

रखने की अपनी जिद पर अड़ी रही। बेटी की जिद के आगे माता पिता ने रोजा रखने की इजाजत दे दी। उन्होंने माता पिता के साथ सेहरी कर रोजा रखा। पहला रोजा रखने से बच्ची के चेहरे पर भूख प्यास का असर साफ दिखाई दिया, लेकिन ज़ायरा कहती थी मुझे भूख प्यास कुछ भी नहीं लगी है। बेटी ज़ायरा ने रमजान के पहले दिन इतवार का अपना रोजा पूरा किया । मां ने भी बेटी की अफ्तारी के लिए विशेष पकवान बनाए और रोजा साथ में अफ्तार किया। बच्ची के रोजा रखने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल बना रहा और बेटी भी रोजा रखकर खुश दिखाई दी, घर वालों नें ज़ायरा को तोहफा देकर उसकी हौसला अफ़ज़ाई की। माह-ए-रमजान में रोजा, सिर्फ खाने पीने से रुकने का नाम नहीं है, बल्कि वह जिस्मानी, रूहानी और समाजी दुरुस्तगी और इंसानी हमदर्दी, अखलाक और मुहब्बत को बढ़ावा देता है और कुदरत के नेअमतों का अंदाजा होता है। वहीं नन्हीं परी रोजेदार ज़ायरा को माह-ए-रमजान का पहला रोजा रखने पर माता-पिता सहित घरवालों, रिश्तेदार, एवं क्षेत्रवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।


## 580 दुकानों के लिए 15342 आवेदन, 9146 व्यक्तियों ने किया आवेदन

# एक व्यक्ति को सिर्फ दो दुकान किया जायेगा आवंटित

शकुन टाइम्स संवाददाता




**गोरखपुर।** आबकारी नीति 2025 26 के लिए 6 मार्च को ई लॉटरी की व्यवस्था सुचारू रूप से पूरे प्रदेश में संचालित हो सके एसीएस मुख्यमंत्री एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर प्रदेश सहित जिले में मौजूद एडीजी जोन ,डीआईजी रेंज, मंडलायुक्त, डीएम,एसएसपी सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने जनपद में 6 मार्च को ई लाटरी द्वारा शराब की दुकानों को ई लाटरी द्वारा आवंटित किया जाएगा कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संसाधनों का व्यवस्था कर लिया जाए जिससे ई लाटरी में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो सके। गोरखपुर मंडलायुक्त सभागार में नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, अपर आयुक्त प्रशासन कुंवर बहादुर सिंह, एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता, पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को एसीएस मुख्यमंत्री एसपी गोयल ने कहा कि आबकारी नीति 2025 26 के लिए प्रदेश में 55000 करोड़ रुपए राजस्व निर्धारित किए गए हैं एक व्यक्ति को पूरे प्रदेश में सिर्फ दो दुकान ई लाटरी द्वारा दिया जाएगा।गोरखपुर में शराब की 580 दुकानों के लिए 15342 लोगों ने आवेदन किया है।देसी, कंपोजिट और मॉडल शाप पर सिंगल से लेकर 190 से अधिक आवेदन पड़े हैं। कालेसर मॉडल शाप 100, वहीं कौड़ीराम और सिघाड़िया मॉडल शॉप की दुकानों पर 9-9 आवेदन पड़े हैं। वहीं देसी शराब की दुकानों के लिए सर्वाधिक 160 आवेदन धूसड़ चौराहा पर पड़ा है। बधनी चौराहा पर 87, बरगदही में 67, बोक्टा में 83, दौलतपुर में 101, गाहासाड़ में 104, जंगल डुमरी नंबर 2 पर 137, कालेसर में 135, कटघर चौराहा 123, रामपुर 103, गायघाट में 107 आवेदन पड़े हैं। वहीं कंपोजिट दुकानों में सर्वाधिक 190 आवेदन तरकुलहा रोड पर है। वहीं कौआ बाग पुलिस चौकी के पास की दुकान पर 169, कैम्पियरगंज 113, चौरहिया गोला 118, जंगल रामलखना 126, मल्हनपार 107, रेलवे स्टेशन 105, राप्तीनगर स्पोर्टस कालेज 124, सहजनवां 140, सिकरीगंज 127 और दुर्गाबाड़ी की दुकान पर 109 लोगों ने आवेदन किया है। जिला आबकारी अधिकारी गोरखपुर ने बताया कि गोरखपुर में कुल 580 दुकानों के लिए 15342 आवेदनों के बीच लाटरी प्रक्रिया 6 मार्च को दिन में 2 से 3.45 बजे के बीच पूरी होनी है। 580 दुकानों के लिए 15342 आवेदन आए हैं। वैसे तो आवेदन 15342 आए हैं, लेकिन आवेदन करने वालों की कुल संख्या 9146 है।गोरखपुर में देसी की 322 दुकानों के लिए 8191, कंपोजिट के 211 दुकानों के लिए 6540, मॉडल शॉप के 13 दुकानों के लिए 547 और भांग की 14 दुकानों के लिए 64 लोगों ने आवेदन किया है।



# जीआरपी ने अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार,भेजा जेल

शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, प्रकाश डी0 , पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे राहुल राज , पुलिस अधीक्षक, रेलवे अनुभाग प्रयागराज अभिषेक यादव , पुलिस उपाधीक्षक, रेलवे वाराणसी कुंवर प्रभात के आदेशानुसार रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्मों व सर्कुलेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओ की रोकथाम एवं अपराधियो/वारण्टियों की गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध तस्करी व होली त्योहार के मद्देनजर चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक हेमन्त सिंह के निर्देशन में उ0नि0 राजबहादुर मय हमराह मु0आ0 अश्वनी सिंह, मु0आ0 सत्य प्रकाश, थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी द्वारा रेलवे स्टेशन कैन्ट वाराणसी पर चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नं0-1 से पानी टोटी के आगे बेंच पर बैठे काशी साइड रेलवे स्टेशन कैण्ट वाराणसी के पास से एक व्यक्ति को एक अदद नीला कलर के ट्राली बैंग में से 48 पाउच आफिसर्स च्वाईस व्हिस्की प्रत्येक 180 रूुअंग्रेजी शराब नाजायज के साथ समय करीब 13.45 बजे गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम अभि0 गोलू कुमार पुत्र श्रीराम देवशाह नि0 समस्तीपुर रोसरा थाना रोसरा जिला समस्तीपुर उम्र करीब 20 वर्ष तथा प्रत्येक पाउच 180 एमएल प्रत्येक पाउच की किमत-120 रु0 है बरामद हुआ कुल अनुमानित कीमत-5760 रु0। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर उपरोक्त व्यक्ति के खिलाफ मु0अ0स0 56/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की गई।



## भोजापुर का रेलवे फाटक एक तरफ खुला रहा एक तरफ बंद और गुजरती रही ट्रेन,लगा लंबा जाम

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा/ चंदौली।** क्षेत्र के भोजापुर स्थित रेलवे फाटक को सुबह एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे फाटक में तकनीकी खराबी आ गई और वह बंद हो गया। वही दूसरी तरफ का फाटक खुला रहा है। और ट्रेन गुजरती रही है। इससे वाहनो का लंबा जाम लग गया। इससे राहगीरो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ा। सुरक्षा को लेकर लोग स्वत ही रेलवे लाइन से दूर खड़े रहे। पंडित दीनदयालनगर-पटना रेल रूट पर भोजापुर रेलवे फाटक है। सोमवार को करीब 8 बजे चन्दौली की ओर से आ रहा कोई वाहन फाटक में टक्कर मार दिया। इससे फाटक में तकनीकी खराबी आ गई। और वह खुल ही नही पा रहा था। वही दूसरी ओर का फाटक खुला था। एक तरफ बंद और दूसरी तरफ खुला फाटक लोगो मे कौतूहल बना रहा। इस दौरान ट्रेनें भी ट्रैक से गुजरी। हालांकि की सुरक्षा को लेकर रेलवे की ओर से लोगो को रोकने के लिए एक पुलिस कर्मी तैनात रहा। इससे वाहनो का लंबा जाम लग गया। एम्बुलेस सहित ट्रेन पकड़ने वाले लोग जाम में फंसे रहे। करीब 11 बजे फाटक मरम्मत होने के बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू हुआ। फाटक खराब हो जाने से छोटे चार पहिया वाहन चतुर्भुजपुर बाजार सहित ग्रामीण रास्तों से निकले। ऐसे में इन रास्तों पर भी जाम लग गया।



## समाजवादी पार्टी ने छेड़खानी के आरोपी प्रोफेसर की गिरफ्तारी और निलम्बन की उठाई मांग, एसडीएम से मिलकर सौंपा पत्रक



शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा/ चंदौली।** एसडीएम अनुपम मिश्रा से सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के लोगो ने सोमवार को मिलकर पत्रक सौंपा। इस दौरान इनलोगो ने सकलडीहा पीजी कालेज के छेड़खानी के आरोपी प्रोफेसर की गिरफ्तारी और निलंबन की मांग किया। कहा घटना हुए 6 दिन बीत गए लेकिन अभी भी आरोपी प्रोफेसर पर कोई संतोषजनक कार्यवाही नही हुई। जिससे छात्र-छात्राओं सहित आमलोगों में गहरी नाराजगी है। सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने एसडीएम से कहा कि पीजी कालेज का एक प्रोफेसर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा को अपने केबिन में एसाइमेन्ट जमा करने के बहाने बुलाकर छेड़खानी किया। छात्रों के आंदोलन के बाद किसी तरह हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना बीते 6 दिन हो गए।न तो प्रोफेसर को निलंबित किया गया।और न ही पर्याप्त धाराओं में मुकदमा लिखकर गिफ्तार किया गया।इससे पीड़िता सहित उसका परिवार सदमे में है।कहा कि आरोपी प्रोफेसर पर दण्डात्मक कार्यवाही के बजाय जांच के बहाने देरी की जा रही है।वही हल्का इंचार्ज पर आरोपी प्रोफेसर से मिलीभगत कर पीड़िता पर सुलह-समझौते का दबाव बनाने का आरोप भी लगाया।

साथ ही पीड़ित छात्रा को सरकारी सुरक्षा और संरक्षण देने की मांग किया।एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बताया कि जांच चल रही है।दोषी मिलने पर कठोर कार्यवाही होगी।इस मौके पर पूर्व प्रधान दिघवट महेंद्र राजभर,केशव राजभर, आकाश राजभर,बाबूलाल यादव,चाखन यादव सहित बडी संख्या में सपा के नेता और कार्यकर्ता रहे।

## मूर्ति स्थापना व विशाल भंडारा



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियाँ/चंदौली।** सोनहुला गाँव मे प्राचीन सोनहुली माता व शिव जी की मूर्ति पूर्ण रूप से ग्रामीणो व क्षेत्र के लोगो के भरपूर सहयोग से भव्य मन्दिर बनकर तैयार हो चुका है जिसके उपलक्ष्य मे भजन कीर्तन हवन पूजन दिनाक 04/03/2025 दिन मंगलवार बलुआ से ग्रामीणो द्वारा कलश यात्रा 06/03/2025 दिन गुरुवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी पूजा समिति के लोगो ने दी है।

## अमर इंटर कॉलेज के छात्र चंदन प्रजापति ने प्रथम प्रयास में आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा किया क्वालीफाई

**प्रबंधक अमरनाथ यादव ने छात्र एवं छात्र के परिवार को दी शुभकामनाएं कहां यह अमर इंटर कॉलेज के लिए गौरव की बात**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जलालपुर/जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के विकासखंड जलालपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत महुआरी पराऊगंज में स्थित अमर इंटर कॉलेज महुवारी (पराऊगंज), जौनपुर (ऊ0प्र0) के 2024-2025 बैच का विद्यार्थी चंदन प्रजापति पुत्र रामलाल प्रजापति जो विद्यालय में कक्षा 12वीं गणित वर्ग का छात्र हैं। वर्तमान में यूपी बोर्ड 2025 का एग्जाम दे रहा हैं।

विद्यालय में कक्षा 6 से अध्ययनरत हैं। आप सभी को यह बताते हुए बहुत ही हर्ष की अनुभूति हो रही है कि इस छात्र ने अपने प्रथम प्रयास में ही IIT Mains परीक्षा क्वालिफाई कर लिया है। यह विद्यालय परिवार,छात्र के परिवार और स्वयं चन्दन के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। क्यूंकि उक्त परीक्षा को क्लाइफाई करने के लिए तमाम विद्यार्थी कोटा, दिल्ली, प्रयागराज, वाराणसी जैसे बड़े शहरों में बड़ी बड़ी कोचिंगो में तैयारी करने के पश्चात क्वालीफाई करते हैं। लेकिन चन्दन ने इस कार्य को ग्रामीण अंचल के अमर इंटर कॉलेज में अध्ययन करते हुए इस एग्जाम को क्लाइफाई कर लिया।अब चंदन को JEE ADVANCE का एग्जाम क्लाइफाई करना हैं।। हम चन्दन के छ्वश्वश्व स्त्र1ड्डठ्ठष्द्द द्ग×ड्डद्व के लिए पूरे विद्यालय परिवार की तरफ़ से ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं।और साथ ही यदि चंदन के पढ़ाई में अगर Financial कोई परेशानी आतीं है तो विद्यालय परिवार आपके मदद के लिए सदैव अग्रसर रहेगा।वही अमर इंटर कॉलेज के प्रबंधक अमरनाथ यादव ने बताया कि हमारा विद्यालय ऐसे सभी गरीब और सहाय मेधावी छात्रों के लिए हमेशा तत्पर रहा है और रहेगा। वहीं क्षेत्र के तमाम लोगों ने अमरनाथ यादव प्रबंधक को ढेर सारी शुभकामनाएं बधाइयां देते हुए कहा कि यह आपके और आपके कुशल शिक्षकों की देन है जो आज यह छात्र इस मुकाम पर पहुंचा है।



## होली के पर्व को लेकर साधोगंज चौकी पर बैठक सम्पन्न




शकुन टाइम्स संवाददाता

**बड़ागांव/वाराणसी।** चौकी साधोगंज थाना बड़ागांव क्षेत्र के होलिका दहन के आयोजक/ संयोजक के साथ चौकी साधोगंज पर होलिका दहन एवं रंगभरी होली को संपन्न कराने हेतु मीटिंग की गई इस अवसर पर चौकी इंचार्ज गौरव उपाध्याय ने क्षेत्र के ग्राम प्रधान एवं संभ्रांत नागरिकों के बीच होली को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बिचार विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सीखड़ क्षेत्र के हर एक गली-मुहल्ले में कुत्तों का आतंक,लोगों पर कर रहे हमला, प्रशासन बेखबर

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सीखड़,मिर्जापुर।** अब ग्रामीण का ऐसा कोई मोहल्ला या गली नहीं है, जहां आवारा कुत्ते न हो। ग्रामीण के सड़कों से लेकर छोटे से छोटे गली मोहल्ले में इनका आतंक चल रहा है। जो हर दिन हर मोहल्ले-गली में किसी न किसी को काटते जरूर है। लगातार इनका आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार प्रशासन इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है, जिसकी वजह से डाग बाइट के मामले बढ़ने के साथ ही इनकी संख्या में तेज गति से बढ़ते ही जा रही है।कई चौक-चौराहें में कुत्तों का झुंड आक्रमक होता है जो बाइक सवार, पैदल राहगीर या चारपहिया वाहनों के पीछे दौड़ते हैं, इसकी वजह से कई बार दुर्घटना का शिकार भी होते हैं। यह हाल शहर व ग्रामीण अंचल दोनों जगहों में है। लगातार बढ़ रहे कुत्तों के हमले को लेकर लोगों का यह कहना है कि मांस मटन की दुकानें इसका बड़ा कारण है। अपशिष्ट को लेकर कुत्तों में लड़ाईया होती रहती है और यह आक्रमक रवैया अपनाने लगते है और धीरे-धीरे इनका आक्रमक रवैया लोगों के खिलाफ में भी देखने को मिलता है और परिणाम स्वरुप डाग बाइट के मामले बढ़ते ही जा रहे है। यदि जल्द ही इनके नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो स्थिति और भी बिगड़ सकती है।

कुत्ते भी ज्यादातर बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चों को काटते है, क्योंकि हमला होने की दशा में यह जल्द से जल्द भाग नहीं पाते है और डागबाइट का शिकार हो जाते है। अस्पताल पहुंचने वाले अस्सी फासदी से ज्यादा मामलों में बुजुर्ग, महिला और बच्चे ही इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते है।




## एसीपी सारनाथ को पुलिस कमिश्नर ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**वाराणसी।** कमिश्नरेट वाराणसी के सफल अधिकारियों में से एक एसीपी सारनाथ डॉक्टर अतुल अंजान त्रिपाठी को महाकुंभ के लिए बेहतरीन ड्यूटी सफल नेतृत्व को लेकर पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बता दे कि एसीपी सारनाथ डॉक्टर अतुल अंजान त्रिपाठी सरल स्वभाव के होनहार अधिकारी है जो जनता के समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करते है।




## विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम संपन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव वाराणसी पर विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 शेर मोहम्मद ने कान को सुरक्षित रखने के लिए जागरुक करते हुए बताया कि कान में बदबू होना या खून आना गंभीर रोग के लक्षण हो सकते हैं तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच कारण आगे डॉक्टर ममता ने कहा कि मवाद को साफ और नरम कपड़े से साफ करें प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ आर के यादव ने बताया कि कान में पानी न जाने दे और किसी प्रकार का तरल पदार्थ ना डालें। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी दिवाकर वर्मा ने कहा कि शिक्षक बच्चों को कक्षा में ध्यान दे तो हो सकता है वह कम सुनता हो ऐसा पता चल सकता है।

इस अवसर पर डा0 पूनम सिंह, डा0 आशीष द्विवेदी, मनीष मिश्रा, मनोज शर्मा ,राजकुमार, कमला सिंह ,शशिकला,सीमा सरोज, अभिनव यादव एवं विशाल आदि उपस्थित रहे।




## पीडीडीयू नगर में विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



**डीडीयू नगर/ चंदौली।** आज प्राचीन हनुमान मंदिर, शाहकुटी, मुगलसराय पर महाशिवरात्रि के उपरांत आज विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें अमरनाथ जायसवाल मोनू ने श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया, साथ में डिंपल जायसवाल एवं प्यारेलाल यादव भी रहे। आज भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और महादेव और बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। विशाल भंडारे के मुख्य आयोजन कर्ता अखिलेश जायसवाल गुड्डू, गुप्तेश्वर प्रसाद, नागेश्वर विश्वकर्मा, दिलीप सिंह, सतीश जायसवाल, अभिषेक खत्री, आकाश जायसवाल, आदर्श जायसवाल एवं अन्य वार्डवासी सहयोगी रहे।

## अज्ञात चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर मोटरसाइकिल सवार तीन की मौत

शकुन टाइम्स संवाददाता

**मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा मोहम्मद अली इंटर कॉलेज के पास अज्ञात चार पहिया वाहन ने दो मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें दोनों मोटरसाइकिल पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जहां एक ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया तो दो की आधे- आधे घंटे बाद इलाज के दौरान मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम लगभग 5ः00 बजे मनोज प्रजापति पुत्र छेदी प्रसाद 26 वर्ष निवासी बेल्थरा रोड जनपद बलिया, दीपक पुत्र मुन्ना प्रसाद 20 वर्ष निवासी जमुवाव थाना उभाव जनपद बलिया मोटरसाइकिल पर सवार होकर मऊ किसी निमंत्रण में आ रहे थे तथा दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार प्रदीप पुत्र प्रेम चंद 18 वर्ष सलाहाबाद सरायलखंसी तथा विक्की पुत्र विसर्जन 18 वर्ष निवासी सेमरी जमालपुर थाना घोसी मऊ की तरफ से मझवारा की तरफ जा रहे थे। तभी कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा मोहम्मद अली इंटर कॉलेज के पास दोनों मोटरसाइकिल सवार को एक अनियंत्रित अज्ञात चार पहिया वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दिया जिसमें प्रदीप की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस भेज दिया। और सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा जहां विक्की और मनोज की हालत को गंभीर देख चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने नजदीकी जनपद के ही अस्पताल में भर्ती कराया जहां बारी-बारी दोनों ने भी दम तोड़ दिया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जीत गई।



## बरेका में सुरक्षा व्यवस्था को मिला नया आयाम- महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल फैंटम दस्ते के तीन बुलेट मोटरसाइकिल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह द्वारा रेलवे सुरक्षा बल को तीन अत्याधुनिक बुलेट मोटरसाइकिल प्रदान की गईं। प्रशासन भवन प्रांगण में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर इन बुलेट मोटरसाइकिलों को रेलवे सुरक्षा बल फैंटम दस्ते में शामिल किया। इस पहल का उद्देश्य बरेका परिसर में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, सुरक्षा निगरानी प्रणाली को मजबूत करना एवं गश्त को अधिक प्रभावी बनाना है। बरेका परिसर की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए इसे तीन प्रमुख सुरक्षा जोनों में विभाजित किया गया है। इन जोनों में निरंतर पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल के जवान बुलेट मोटरसाइकिलों का उपयोग करेंगे। इससे किसी भी संदेहास्पद गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई संभव होगी और सुरक्षा बल की सक्रियता एवं प्रभावशीलता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह ने कहा, बरेका की सुरक्षा सर्वोपरि है। इन बुलेट मोटरसाइकिलों के माध्यम से रेलवे सुरक्षा बल की गश्त अधिक प्रभावी होगी, जिससे किसी भी अवांछित गतिविधि पर तत्काल नियंत्रण पाया जा सकेगा। यह कदम सुरक्षा मानकों को नई ऊंचाई देगा।卐 महा निरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेल सुरक्षा बल, मो.नुरुल होदा बरेका ने कहा कि यह पहल बरेका की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। अब रेलवे सुरक्षा बल रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। बरेका में सुरक्षा व्यवस्था को चौकस एवं प्रभावी बनाने हेतु फैंटम दस्ते की नई रणनीति लागू की गई है। बुलेट मोटरसाइकिलों से गतिशील एवं मोबाइल पेट्रोलिंग को बढ़ावा मिलेगा। परिसर में आपराधिक गतिविधियों व अवांछनीय तत्वों की निगरानी के लिए सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ किया गया है। बरेका नागरिक सुविधाओं, खेल सुविधाओं एवं स्वच्छता व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, प्रधान वित्त सलाहकार, वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी परिषद के संयुक्त सचिव एवं सदस्यगण, रेलवे सुरक्षा बल के जवान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**बरेका में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने हेतु भूतपूर्व सैनिकों की अतिरिक्त तैनाती रेलवे सुरक्षा बल के साथ संभालेंगे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था**



## 90 घंटे के वर्क ऑवर पर अखिलेश यादव का तीखा तंज

# पूछा, क्या इंसान की जगह रोबोट की बात हो रही है

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाल ही में युवाओं के लिए काम और जीवन के संतुलन (वर्क-लाइफ बैलेंस) पर जोर दिया और भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने 90 घंटे काम करने की सलाह को अव्यावहारिक बताते हुए तंज किया कि क्या यह सलाह इंसान की जगह रोबोट के लिए दी जा रही है। अखिलेश यादव ने अपने बयान में कहा कि इंसान सिर्फ काम करने की मशीन नहीं है, बल्कि उसे अपने परिवार के साथ समय बिताने और अपनी भावनाओं को महसूस करने का भी अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग युवाओं को 90 घंटे काम करने की सलाह दे रहे हैं, वे शायद यह भूल गए हैं कि मनोरंजन और फिल्म उद्योग भी अर्थव्यवस्था में अरबों रुपये का योगदान करते हैं। लोगों को काम के बीच में आराम और मनोरंजन की जरूरत होती है, ताकि वे ताजगी और ऊर्जा के साथ काम कर सकें। अखिलेश यादव ने इस बात पर जोर दिया कि युवाओं को सिर्फ शरीर और हाथ-पैर के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि उनके दिल और मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि काम की मात्रा (क्वांटिटी) से ज्यादा गुणवत्ता (क्वॉलिटी) मायने रखती है। उनका कहना था कि युवाओं को अधिक घंटे काम करने के दबाव में नहीं डालना चाहिए, बल्कि उन्हें दिल लगाकर काम करने का माहौल देना चाहिए। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि अर्थव्यवस्था का लाभ कुछ गिने-चुने लोगों तक ही सीमित रहेगा, तो चाहे देश 30 ट्रिलियन डॉलर की हो जाए या 100 ट्रिलियन डॉलर की, आम जनता को इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

उनका मानना है कि सच्चा आर्थिक न्याय वही है, जिसमें समृद्धि का लाभ सभी को समान रूप से मिले। लेकिन भाजपा सरकार में यह संभव नहीं हो सकता। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यदि सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार को आधा भी कम कर दिया जाए, तो अर्थव्यवस्था अपने आप दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिसकी नाव में छेद हो, उसकी तैरने की सलाह का कोई मतलब नहीं। यह संकेत था कि सरकार को पहले अपनी समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।

## राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश नाकाम

# फरीदाबाद से गिरफ्तार हुआ मिल्कीपुर का अब्दुल रहमान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** फरीदाबाद से पकड़े गए संदिग्ध अब्दुल रहमान को लेकर बड़ा खुलासा किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां के सूत्रों के मुताबिक अब्दुल रहमान के जरिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई अयोध्या के राम मंदिर पर हमला करवाने की प्लानिंग कर रही थी। इसके लिए आईएसआई ने अब्दुल रहमान को तैयार किया था। अब्दुल रहमान अयोध्या के मिल्कीपुर का रहने वाला है। अब्दुल रहमान आईएसआई के संपर्क में था, जिसे सेंट्रल एजेंसियों के इनपुट्स के आधार पर गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एसटीएफ ने दबोच लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आतंकी अब्दुल कई जमात से जुड़ा हुआ है। अब्दुल रहमान फैजाबाद में मटन शॉप चलाता है और पेशे से ऑटो चालक भी है। बता दें कि राम मंदिर निर्माण के बाद से अयोध्या लगातार आतंकियों के निशाने पर है। हालांकि अब्दुल को गिरफ्तार करके जांच एजेंसियों ने आईएसआई की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। आतंकी अब्दुल रहमान की प्लानिंग थी कि हैंड ग्रेनेड के जरिए अयोध्या राममंदिर पर अटैक कर बड़ी तबाही मचाई जा सके। साजिश के तहत अब्दुल ने कई बार राम मंदिर की रेकी की थी और तमाम जानकारी पाकिस्तान आईएसआई के साथ साझा भी की. अब्दुल रहमान फैजाबाद से ट्रेन से फरीदाबाद पहुँचा था। आतंकी अब्दुल रहमान को फिर एक हैंडलर्स ने हैंड ग्रेनेड दिए। जिसे वापस लेकर ट्रेन से अयोध्या जाना था। हालांकि प्लान सफल होता, उससे पहले सेंट्रल एजेंसियों के इनपुट्स के आधार पर गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एसटीएफने संदिग्ध आतंकी को दबोच लिया।

## संक्षिप्त सामाचार

### परिवार को निगल रही नशे की लत

**लखनऊ।** नेशनल पीजी कालेज में प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में चल रहे 7 दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना तथा पूजन के उपरांत लक्ष्य गीत से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष व्यापार राष्ट्रीय लोकदल तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष शराब बंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली उपस्थित रहे। आज का कार्यक्रम नशा मुक्ति और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा पर केंद्रित रहा सहलीमा अजीम अध्यक्ष महिला विग शराबबंदी संघर्ष समिति ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि धूम्रपान और शराब की लत सबसे पहले मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, फिर शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाती है और स्थिति लगातार बिगड़ती जाती है। उन्होंने नशे से दूर रहने और ऐसे लोगों से बचने की सलाह दी जो नशे के आदि होते हैं। रोहित अग्रवाल ने शराब की लत के शारीरिक दुष्प्रभावों पर चर्चा की और चौधरी चरण सिंह की विचारधारा के बारे में बताया, जिन्होंने शराबबंदी का समर्थन किया था। मुर्तजा अली ने जीवन को बचाने के लिए शराब से दूर रहने का संदेश दिया। समिति के सलाहकार पीसी कुरील ने भी छात्रों को किसी भी तरह के मद्यपान से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर अर्चना सिंह ने कहा कि अल्कोहल पीने से लिवर तथा शरीर के कई अंग खराब हो जाते हैं इसलिए इसे दूरी बनाकर रहे ।कार्यक्रम के क्रम में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता हुई जिसके विषय शराब और नशे की लत, मोबाइल और गेमिंग एडिक्शन, तथा बालिका शिक्षा पर आधारित थे।

### 270 शिक्षामित्रों पर गिरी गाज, संविदा होगी समाप्त, डीजी स्कूल शिक्षा ने जारी किया आदेश

**लखनऊ।** यूपी में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने अवैतनिक अवकाश के सहारे नौकरी चला रहे 270 शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने के आदेश जारी किए है। ये शिक्षामित्र अलग-अलग जिलों में तैनात हैं, जो स्कूल न जाकर दूसरे कामों में संलिप्त हैं। महानिदेशक कंचन वर्मा ने जांच कराई।

उन्होंने लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर-खीरी एवं रायबरेली में तैनात 270 शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने निर्देश दिया कि अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे शिक्षामित्रों को तत्काल चिन्हित कर उन्हें नोटिस जारी की जाए। शिकायत की पुष्टि होने पर 15 दिनों के अंदर उनकी संविदा समाप्ति की कार्यवाही की जाए।

### धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने लखनऊ में शुगरकेन सस्टेनेबिलिटी पर आयोजित की विशेष सेमिनार

**लखनऊ।** स्थायी कृषिरसायन समाधानों में लीडर धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने गोमती नगर स्थित नोवोटेल लखनऊ के बॉलरूम में विशेष सेमिनार का आयोजन किया, कार्यक्रम का विषय था ''गन्ना विकास सर्वोत्तम पैदावार। इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों, शुगर मिल मालिकों, गन्ना विशेषज्ञों तथा किसान विकास केन्द्र, आईआईएसआर के वैज्ञानिकों, जिला गन्ना अधिकारियों एवं अन्य नीतिनिर्माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, उन्होंने उत्तर प्रदेश में गन्ने की उपज और गुणवत्ता में सुधार लाने तथा इस क्षेत्र की चुनौतियों को हल करने के लिए आधुनिक समाधानों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया।

## हापुड़ सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय डोमा टिकरी विकास खण्ड धौलाना का किया औचक निरीक्षण



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** सोमवार को हापुड़ सीडीओ हिमांशु गौतम के द्वारा प्राथमिक विद्यालय डोमा टिकरी विकास खण्ड धौलाना का औचक निरीक्षण किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांग मेत्रिक शौचालय निर्मित नहीं है व अन्य 18 पैरामीटर पूर्ण हैं। बच्चों के लिए शुद्ध पानी व शौचालय की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। विद्यालय में कुल 58 बच्च्वें पंजीकृत है जिसके सापेक्ष मौके पर 44 बच्च्वें उपस्थित पाए गये। इंचार्ज प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए गए कि वह बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए तथा मिड-डे-मिल की गुणवत्ता प्रतिदिन चैक करके ही बच्चों को वितरण कराया जाए।

## युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं यूनियन बैंक ऑफइंडिया ने हाथ मिलाया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत युवाओं को गति के साथ ऋण उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं यूनियन बैंक ऑफइंडिया के लखनऊ महाप्रबंधक राजेश कुमार ने हाथ मिलाया तथा अधिक से अधिक युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने की तैयारी की। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक राजेश कुमार ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता को पत्र सौंपते हुए युवाओं को ऋण दिलाने में उत्साह दिखाया। महाप्रबंधक राजेश कुमार एवं व्यापारीता संजय गुप्ता ने बताया अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना के अंतर्गत ५ लाख तक ब्याज मुक्त ,बिना सिक्योरिटी ऋण देने हेतु उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के यादव कॉम्प्लेक्स , निकट लेखराज मेट्रो स्टेशन ,अयोध्या रोड, लखनऊ पर 4 मार्च से 11 मार्च तक सुबह 11 बजे से सांयं 4 बजे तक ऋण आवेदन शिविर का आयोजन होगा इस अवसर पर मौजूद सहायक महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफइंडिया राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया।

# सदन में बोले मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, कुलपतियों की नियुक्ति में आरक्षण की व्यवस्था नहीं होती

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं होती है लेकिन फिर भी सबका साथ, सबका विकास के अनुरूप सरकार ने नियुक्तियों में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया है। हालांकि राज्य के विश्वविद्यालय में कुलपतियों तथा अन्य पदों पर नियुक्तियों में पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्गों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। शून्य काल के दौरान सपा सदस्य संग्राम यादव ने नियम 56 के तहत यह मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार विभिन्न राज्य विश्वविद्यालय में कुलपति एवं अन्य पदों पर नियुक्तियों में पिछड़े, दलित तथा अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्गों के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपति से लेकर असिस्टेंट प्रोफेसर और अन्य जितनी भी नियुक्तियां की गई हैं उनकी निष्पक्ष जांच कराई जाए, क्योंकि सरकार योग्य अभ्यर्थियों की अनदेखी करके कुलपतियों के साथ मिली भगत कर मनमाने तरीके से कुछ खास वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए नियुक्तियां कर रही है। यह राष्ट्र निर्माण से जुड़ा गंभीर विषय है इसलिए सदन में इस पर दो घंटे की चर्चा मंजूर की जाए। सपा सदस्य डाक्टर आर. के. वर्मा ने सूचना की ग्राह्यता पर बल देते हुए विभिन्न विश्वविद्यालयों की नियुक्तियों में अनियमितताएं किये जाने का आरोप लगाया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इसका जवाब देते हुए कहा कि सपा सदस्य सदन में भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं।

# मायावती के एक्शन पर बोले आकाश आनंद मैं बहनजी के हर फैसले का सम्मान करता हूं...

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख द्वारा अपने भतीजे को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त करने के फैसले के एक दिन बाद आकाश आनंद ने सोमवार को कहा, मैं बहन कुमारी मायावती जी का कैडर हूं। बसपा नेता मायावती ने एक दिन पहले रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया और कहा कि अब उनके आखिरी सांस तक पार्टी में उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। अब इस मामले में आकाश आनंद ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लंबी पोस्ट लिखकर अपना पक्ष रखा। आनंद ने कहा, ''मैं परमपूज्य आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का कैडर हूं, और उनके नेतृत्व में मैने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं, ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। आदरणीय बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं, उस फैसले के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा, ''आदरणीय बहन कु. मायावती जी द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है, लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। आकाश ने कहा कि ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन एवं मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा। उन्होंने कहा, कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है। आनंद ने कहा, यह एक विचार है, एक आंदोलन है, जिसे दबाया नहीं जा सकता। इस मशाल को जलाए रखने और इसके लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए लाखों आकाश आनंद हमेशा तैयार हैं। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के नेशनल को-आर्डिनेटर तथा अपने उत्तराधिकारी समेत सभी पदों से हटा दिया था। बीते एक साल के भीतर मायावती ने आकाश आनंद पर दूसरी बार कार्रवाई की है। साथ ही, उन्होंने घोषणा की थी कि अब उनके जीते-जी कोई उनका उत्तराधिकारी नहीं बनाया जाएगा। उन्होंने अपने भाई आनंद कुमार (आकाश के पिता एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) और केंद्रीय समन्वयक रामजी गौतम को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने के साथ देश भर में पार्टी संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

# सपा विधायक अतुल प्रधान का ट्रेन में बैग चोरी, सदन में उठाई बात, स्पीकर ने दी सलाह

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** मेरठ जिले की सरधना सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान का बैग ट्रेन में प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच में उनके कूपे से चोरी हो गया। अतुल प्रधान ने मामले की एफआईआर दर्ज कराई है। आज उन्होंने मामला विधानसभा में उठाया। इसपर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें सलाह दी कि इसकी रिपोर्ट लिखानी चाहिए। विधायक अतुल प्रधान ने जवाब में कहा कि रिपोर्ट लिखा दी है लेकिन सदन चल रहा है,आप कह दीजिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि चोरी की रिपोर्ट आप लिखाएं हैं तो पुलिस कार्रवाई करेगी। प्रश्नकाल खत्म होने के बाद अतुल प्रधान अपनी जगह पर खड़े हुए और उन्होंने कहा मैं लखनऊ मेल से सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिएआ रहा था। लखनऊ मेल अति वीआईपी ट्रेन है। उसके एच वन कोच के ए-4 में मैं यात्रा कर रहा था, मेरा बैग था मान्यवर उसमें और बहुत संवदेनशील विषय है कि अगर...। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें टोकते हुए कहा, संवदेनशील चीज थी बैग में ? तब अतुल प्रधान ने कहा, नहीं-नहीं...बैग चोरी हो गया। स्पीकर ने फिर कहा कि बैग चोरी हो गया तो रिपोर्ट लिखानी चाहिए। अतुल प्रधान ने कहा कि रिपोर्ट लिखा दी है लेकिन सदन चल रहा है। तब विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आप चोरी की रिपोर्ट लिखाएंगे और उस पर सदन में चर्चा करेंगे तब तो हो चुका काम। पुलिस कार्रवाई करेगी। विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि संवेदनशील विषय है। मान लीजिए घुसकर चाकू मार दे किसी को? इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने फिर पूछा-आपने रिपोर्ट लिखवाई ना ?

### अतिक्रमण से फीकी पड़ रही भूतनाथ मार्केट की चमक

**लखनऊ।** भूतनाथ बाजार की चमक फीकी पड़ती जा रही है। त्योहारों पर विशेष रूप से अस्थायी अतिक्रमण की वजह से लोग यहां आने से कतराने लगे हैं। अस्थायी अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी सोमवार को लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओपी श्रीवास्तव से मिले। उनसे कहा कि नगर निगम सुनवाई नहीं कर रहा है। विधायक ओपी श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों को फोन कर भूतनाथ मार्केट से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर व्यापारियों ने भूतनाथ मार्केट में जलभराव की समस्या के बारे में भी विधायक को बताया। व्यापारियों ने कहा कि भूतनाथ मार्केट में कई बार अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। आरोप है कि कर्मचारियों और पुलिस की मिलीभगत से कुछ घंटों बाद अतिक्रमण करने वाले फिर से काबिज हो गए। विधायक से मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने किया।

# शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी ने किया एसपी को शील्ड देकर सम्मानित

## एसपी ने ट्रस्ट के कार्यों को लेकर की सराहना

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** सोमवार को गढ़ रोड स्थित शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट कैसे सदस्य पहुंचे हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के ऑफिस , जहां पर शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत सिंह अन्य साथियों ने हापुड़ एसपी को जनपद में शांति व्यवस्था हेतु शील्ड देकर किया सम्मानित, ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह जनपद में काफी मेहनत कर रहे हैं शांति व्यवस्था एवं तीज त्योहारों को लेकर उनकी मेहनत के प्रति ट्रस्ट के पदाधिकारी ने उनके कार्यालय पर जाकर उन्हें शील्ड देकर सम्मानित किया है, तो वहीं हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह मैं भी ट्रस्ट के कार्यों को लेकर की जमकर सरहाना, ट्रस्ट अध्यक्ष ने बताया कि हापुड़ एसपी ने ट्रस्ट के कार्यों की सलाहना की है तथा उन्होंने कार्य को लेकर सभी की शब्दों के माध्यम से हौसला अब जाएगी कि उन्होंने कहा कि आज के समय में समाज सेवा करना बहुत कठिन कार्य है जहां पर आप ट्रस्ट के पदाधिकारी सदस्य हैं और सभी अपने कार्य को कर रहे हैं सोशल मीडिया के माध्यम से कई बार देखते हैं तो काफी अच्छा लगता है, ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में शिव दत्त प्रसाद, प्रदीप कुमार, नितिन गर्ग, संजय कुमार, क्षमा सिंह, भारती सिंह, संजना आदि व्यक्ति उपस्थित रहे।

### आलमबाग व्यापार मंडल की चुनाव प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ।** आलमबाग व्यापार मंडल के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सोमवार को नामांकन फार्म बिक्री और जमा करने की अंतिम तिथि थी। मुख्य चुनाव अधिकारी अनिल विरमानी एवं सह्याक चुनाव अधिकारी देवेन्द्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि कुल आठ पदों के लिए 12 प्रत्याशी हैं। अंतिम समय तक 26 नामांकन पत्र बिके। 13 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म जमा किया। लखनऊ व्यापार मण्डल के वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा नामांकन फार्म जमा होने तक आलमबाग चुनाव कार्यालय में ही बैठे। उन्होंने कहा कि चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष हो इसकी लखनऊ व्यापार मण्डल की पूर्ण कटिबद्धता है। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने आलमबाग के व्यापारियों एवं प्रत्याशियों को विश्वास दिलाया कि चुनाव वोटर लिस्ट से लेकर प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी एवं निष्पक्ष रहेगी।

# सीडीओ ने टीम के साथ किया नवनिर्माणाधीन कारागार का निरीक्षण

## सम्बन्धित कार्यदाई संस्था को दिये निर्देश, कारागार का निर्माण समय अवधि में कराए पूर्ण



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** सोमवार को मुख्यालय, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में डीएम द्वारा गठित समिति के साथ जनपद हापुड़ के ग्राम अकडौली में नवनिर्माणाधीन कारागार हापुड़ सीडीओ हिमांशु गौतम निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय शैलेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, मनमोहन सिंह अधिशासी अभियन्ता, अनूपशहर खण्ड गंगनहर एवं चन्द्रकिरण सहायक अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय कार्य प्रगति पर था। संस्था के प्रतिनिधि को निर्देश दिए गए कि माह जून में बरसात होने से पूर्व प्लिंथ लेबल तक सभी कार्य को पूर्ण कर लिया जाये जिससे सुपर स्ट्रैक्चर में बरसात के समय किसी तरह की असुविधा उत्पन्न न हो तथा निर्देश दिए गए कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए की समय-समय पर आई0आई0टी0 संस्थान या अन्य एजेन्सियों से कार्य में प्रयोग होने वाली सामग्री का टैस्टिंग अनिवार्य रूप से कराते हुए निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण कराया जाये।

### विश्व शांति केंद्र के उद्घाटन में दिग्गजों का जमावड़ा



**गुड़गांव।** अहिंसा विश्व भारती संस्था द्वारा स्थापित भारत के पहले सप्त मंजिले विश्व शांति केंद्र का उदघाटन समारोह 2 मार्च को हुआ । जिसमें विश्व विख्यात धर्मगुरु, राजनेता, समाज एवं देश विदेश से विशिष्ट महानुभावों का जमावड़ा रहा। शुभारंभ सत्र 8 से 9:30 बजे जबकि शुभकामना सत्र 11 से 01 बजे और आशीर्वाद सत्र-विराट संत सम्मेलन 2 से 4 बजे आयोजित किया गया। इस अवसर पर योग गुरु बाबा रामदेव सभी संत महात्मा अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। नेताओं की कड़ी में समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह और महासचिव ओ पी गिरी ने भी भी आशीर्वाद ग्रहण किया।

## सम्पादकीय

# विपक्षी इंडिया गठबंधन देश के लोगों को कैसे निराश कर रहा है?

लोकतांत्रिक अधिकार कार्यकर्ता जगदीप एस. छोकर ने समाचार पोर्टल द वायर में अपने हालिया लेख में दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद वर्तमान चरण में भारतीय राजनीति की स्थिति पर अपने चार निष्कर्षों का उल्लेख किया है। उनके चार निष्कर्ष हैंरू पहला, भाजपा भारत में विपक्ष-मुक्त राजनीतिक परिदृश्य को लगभग प्राप्त कर रही हैय दूसरा, ऐसा लगता है कि यह विपक्षी दलों को खत्म करके और संस्थागत कब्जे से हासिल किया गया हैय तीसरा, विपक्षी दलों ने देश और उसके लोगों को निराश किया हैय और चौथा, भारत के लोगों ने देश को निराश किया है। हालांकि, श्री छोकर के निष्कर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के शासन के विश्लेषण पर आधारित है, लेकिन वे अपने अंतिम निष्कर्ष बिंदु पर सही नहीं थे कि भारत के लोगों ने भाजपा को सत्तारूढ़ पार्टी के रूप में चुनकर देश को विफल कर दिया है। उनका बिंदु बी आर अंबेडकर और राजेंद्र प्रसाद की टिप्पणियों पर आधारित था, जिन्होंने संविधान के लिए काम करने वाले लोगों को चुनने वाले लोगों के महत्व को रेखांकित किया था। चूंकि भारत के मतदाताओं ने उस पार्टी को शासन करने के लिए चुना है जो संविधान को कमजोर कर रही है, इसलिए उन्होंने देश को विफल कर दिया है। श्री छोकर 2025 में भारतीय राजनीति का आकलन करने में बहुत अधिक निराशावाद दिखा रहे हैं। वास्तव में भारत के लोगों ने देश को विफल नहीं किया है। वे अभी भी सतर्क और चुस्त हैं, लेकिन विफलता ज्यादातर विपक्षी इंडिया ब्लॉक के सही एजेंडे और संगठनात्मक क्षमता के साथ लोगों तक पहुंचने में असमर्थता के कारण है। भारतीय जनता ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत न देकर और भाजपा और संघ परिवार के चौतरफा प्रचार और भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में केंद्र की स्वायत्त संस्थाओं के पूर्ण दुरूपयोग के बावजूद उसकी लोकसभा सीटों की संख्या को पहले के 303 से घटाकर 240 पर लाकर अपने सतर्क रवैये का परिचय दिया है। यह देश के जीवंत लोकतंत्र और सतर्क मतदाताओं का प्रदर्शन था। दिल्ली विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को हराकर भाजपा की जीत निश्चित रूप से विपक्षी इंडिया ब्लॉक के लिए एक झटका है, लेकिन इसका मतलब आप का अंत या इंडिया ब्लॉक के लिए अंतिम तिनका नहीं है, जैसा कि राष्ट्रीय मीडिया और टीवी चौनलों के कुछ टिप्पणीकार पेश कर रहे हैं। जिन लोगों ने दिल्ली के मतदाताओं के मूड का अध्ययन किया है, वे जानते हैं कि 2025 के चुनावों में, भाजपा को हराकर सत्ता बरकरार रखना आप के लिए बहुत कठिन होगा, क्योंकि दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी के दो कार्यकाल पूरे होने के बाद सत्ता विरोधी लहर थी। अंतिम निर्णायक बात यह रही कि मतदान से चार दिन पहले 1 फरवरी को घोषित 2025-26 के केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी छूट दी गयी और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की गयी। इंडिया ब्लॉक की दोनों पार्टियों आप और कांग्रेस के वोटों को मिलाकर आप-कांग्रेस गठबंधन को लगभग 50 प्रतिशत वोट मिले और सीटों के मामले में, अगर गठबंधन होता तो इंडिया ब्लॉक के खाते में 14 और सीटें आतीं। इसका मतलब है कि अगर आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन होता तो इंडिया ब्लॉक कुल 70 सीटों में से 36 सीटें जीतकर मामूली जीत हासिल कर सकता था। इसके अलावा, आप ने दलितों, गरीबों और मुसलमानों के अपने आधार को बरकरार रखा, जैसा कि निर्वाचन क्षेत्रवार मतदान पैटर्न के विश्लेषण से पता चलता है। यह फैसला मतदान के दिन आप से भाजपा की ओर बड़े पैमाने पर मध्यम वर्ग के झुकाव का नतीजा था, जबकि गरीब कमोबेश आप और कांग्रेस के साथ खड़े थे।

इसलिए, इस विचार से घबराने की कोई बात नहीं है कि भाजपा का रथ अजेय बनकर उभरा है। इंडिया ब्लॉक से लोकसभा चुनाव और उसके बाद के राज्य विधानसभा चुनाव परिणामों से उचित सबक लेने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, इसके बजाय, इंडिया ब्लॉक के घटक उन राज्यों में सार्वजनिक रूप से झगड़े में लगे रहे, जहां लोकसभा चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बावजूद उनका प्रदर्शन खराब रहा। महाराष्ट्र में, अभी भी इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों के बीच मतभेद जारी हैं। एनडीए की चुनौती का सामना करने के लिए मजबूत नेतृत्व के तहत इंडिया ब्लॉक को एकजुट करने और मतभेदों को दूर करने का गंभीर प्रयास करने की आवश्यकता थी। भाजपा का अगला फोकस बिहार है, जहां साल के अंत तक राज्य विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह की शुरुआत में भागलपुर का दौरा किया और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में पूरे जोर-शोर से चुनाव अभियान की शुरुआत की। भाजपा और आरएसएस दोनों ही पूरी तरह से तैयारी कर रहे हैं ताकि समय से पहले चुनाव की चुनौती का सामना करने की तैयारी पूरी की जा सके। इंडिया ब्लॉक के मोर्चे पर क्या स्थिति है? पिछले साल 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए करीब नौ महीने हो चुके हैं, लेकिन इंडिया ब्लॉक की कोई बैठक नहीं हुई है। अब कोई नहीं जानता कि यह ब्लॉक की तरह काम कर भी रहा है या नहीं। इंडिया ब्लॉक के नेता के तौर पर कांग्रेस को 8 फरवरी को दिल्ली विधानसभा के नतीजे घोषित होने के तुरंत बाद बैठक बुलानी थी, लेकिन पार्टी अब तक इस मुद्दे पर चुप है। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव जैसे अन्य नेताओं ने नये नेता के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के तत्काल कायाकल्प की मांग की है।

# इंदिरा जैसी हिम्मत नहीं दिखा पाए मोदी

**शकील अख्तर**

> प्रसंग आया है तो यह और बता दें कि सांसद बनने के बाद अभी उन्हें कोर्ट में प्रसिद्ध लेखक जावेद अख्तर से माफी मांगनी पड़ी। हालांकि यह शीर्षक किसी अखबार या टीवी चौनल में नहीं दिखा कि भाजपा सांसद कंगना रनौत ने माफी मांगी! खबर को दबा कर दिया गया कि मामला निपटा। और अगर किसी कांग्रेस के या विपक्ष के किसी सांसद ने माफी मांगी होती तो यह गोदी मीडिया किस तरह खुश होकर शोर मचाता? खैर 2014 में भारत आजाद हुआ कहने वाली कंगना को सांसदी का पुरस्कार मिल गया अब उनके बाद दूसरे जिसने कहा कि 1947 की आजादी दरअसल 99 साल के पट्टे पर मिली थी उसे मिलना शेष है। यह बात संघ और भाजपा अपने लोगों को आपसी बातचीत में बताते रहते हैं। मगर इसे सार्वजनिक रूप से जिसने कहा उसे अभी पुरस्कार नहीं मिला है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बेहद खतरनाक शुरूआत कर दी। पुराने राष्ट्रपति (सरकार) के फैसलों को हम क्यों मानें ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ हुई बातचीत, जो दुनिया भर में वायरल हुई और आखिरी दौर में बातचीत कम हम भारतीयों के हिसाब से सास-बहू के झगड़े की तरह थी, में कहा कि हमारे एक मूर्ख राष्ट्रपति ( जो बाइडन) ने आपको रूस से लड़ने के लिए 350 अरब डालर दे दिए। संभवतरू यह पहली बार है जब अन्तरराष्ट्रीय मामलों में इस तरह कैमरों के सामने कटु विवाद हो और एक बड़े देश का राष्ट्रपति अपने पूर्व राष्ट्रपति को मूर्ख कहे उसके अन्तरराष्ट्रीय फैसलों को मानने से इनकार करे। बाबा भारती की कहानी याद आती है कि फिर कौन यकीन करेगा? सुदर्शन की मशहूर कहानी हार की जीत में बाबा भारती कहते हैं कि अगर इस तरह धोखे हुए तो फिर कौन बात का यकीन करेगा? हालांकि अपने पूर्ववर्तियों को कुछ नहीं बताने का सिलसिला हमारे वाले पहले ही शुरू कर चुके हैं। ट्रंप ने तो अपने पूर्ववर्ती के लिए जो कुछ कहा अपने देश में ही कहा हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी इससे बहुत बड़ी बात विदेश में कह आए थे कि 2014 से पहले भारत में पैदा होना शर्म की बात थी। प्रधानमंत्री बनते ही 2015 में दक्षिण कोरिया में मोदी जी ने यह कहा था। और उसके बाद तो उनके भक्तों ने यह बताना शुरू कर दिया था कि भारत आजाद ही 2014 में हुआ। यह कहने वाली फिल्म एक्ट्रेस कंगना रनौत को फिर ईनाम के तौर बीजेपी का लोकसभा टिकट दे दिया गया। और वे सांसद बन गईं।

प्रसंग आया है तो यह और बता दें कि सांसद बनने के बाद अभी उन्हें कोर्ट में प्रसिद्ध लेखक जावेद अख्तर से माफी मांगनी पड़ी। हालांकि यह शीर्षक किसी अखबार या टीवी चौनल में नहीं दिखा कि भाजपा सांसद कंगना रनौत ने माफी मांगी! खबर को दबा कर दिया गया कि मामला निपटा। और अगर किसी कांग्रेस के या विपक्ष के किसी सांसद ने माफी मांगी होती तो यह गोदी मीडिया किस तरह खुश होकर शोर मचाता? खैर 2014 में भारत आजाद हुआ कहने वाली कंगना को सांसदी का पुरस्कार मिल गया अब उनके बाद दूसरे जिसने कहा कि 1947 की आजादी दरअसल 99 साल के पट्टे पर मिली थी उसे मिलना शेष है। यह बात संघ और भाजपा अपने लोगों को आपसी बातचीत में बताते रहते हैं। मगर इसे सार्वजनिक रूप से जिसने कहा उसे अभी पुरस्कार नहीं मिला है। मिलेगा! शायद तय हो रहा है कि कितना बड़ा पुरस्कार देना है। तो ट्रंप ने दुनिया को यह मैसेज दे दिया कि उनके शासनकाल में किसी भी देश से जो भी एग्रीमेंट होगा, अन्तरराष्ट्रीय संधि होगी वह केवल तब तक ही लागू रहेगी जब तक वे कुर्सी पर हैं। बाद वाला उसे इसी तरह करने वाले को मूर्ख कहकर नकार सकता है जैसा मैं यूक्रेन के मामले में कर रहा हूं। यूक्रेन को रूस से लड़ाया किसने? अमेरिका ने! और आज उसके राष्ट्रपति ट्रंप कह रहे हैं समझौता कर लो। वह तो यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की सुन ही नहीं रहे कि उससे शांति होगी। हमारे ऊपर बाद में हमला न होने की गारंटी होगी। क्या होगा? कुछ नहीं। हमने कहा मान लो। डिप्लोमेसी का सबसे बड़ा मैसेज। कि यहां कोई किसी पर विश्वास नहीं करे। अपने स्वार्थ, नए बन रहे संबंध, दूसरे की कम हो रही उपयोगिता इन सब आधारों पर कोई भी किसी को छोड़ सकता है। और एकदम मंझधार में! जैसा यूक्रेन को छोड़ा। कहीं का सबने तुर्की ब तुर्की जवाब दिए। यहां हमारे वाले तो केवल अपनी तीखी जबान का उपयोग नेहरू-इन्दिरा को कोसने के लिए करते हैं। पता नहीं उन्हें कोई बताने वाला है या नहीं। हमारी विदेश सेवा में तो एक से एक काबिल अफसर हैं, खुद विदेश मंत्री एस जयशंकर रहे हैं आईएफएस। विदेश सेवा में सबसे उच्च पद विदेश सचिव तक रहे। उन्हें तो



नहीं रहा वह। रूस अब अपनी शर्तों पर समझौता करेगा। सबसे ज्यादा झंडा उसी का बुलंद रहा। अमेरिका ने माना कि तुम दो हफ्ते नहीं लड़ सकते थे उससे। जिस अमेरिका की दम पर वह रूस को सबक सिखाने की बात कर रहा था उसी अमेरिका ने अब उसे सबक सिखा दिया कि कोई किसी का नहीं होता। हम यह बात पहले से जानते थे। नेहरू का नान अलायंस मूवमेंट (गुट निरपेक्ष आंदोलन) आज सबको याद आ रहा होगा। नेहरू न रूस के साथ न अमेरिका के। मगर उनके साथ दुनिया के 120 देश। ट्रंप इसी बातचीत में जेलेंस्की से कह रहे हैं कि तुम दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की तरफधकेलना चाहते हो। उस समय जब अमेरिका और रूस में भयानक शीत युद्ध चल रहा था तो यह 120 गुटनिरपेक्ष देशों का संगठन ही था जिसने दोनों महाशक्तियों को रोक कर रखा था। आज हम खुद ही खुद को विश्व गुरु कहने लगे। और हमारे प्रधानमंत्री को ही सामने बिठाकर ट्रंप ने ऐसे ही खूब खरी खोटी सुनाई थी। वायलेटर कहा था। टैरिफबढ़ाने की धमकी दी थी। ब्रिक्स जिसका भारत सदस्य है उसे खत्म करने की बात कही। यानी जो मुंह में आया कहा। और हमारे प्रधानमंत्री मुस्कराते हुए सब चुपचाप सुन रहे थे। फ्रांस के राष्ट्रपति मेक्रों ने हाथ पकड़ कर ट्रंप को रोक दिया। और अपने देश का यूरोप का पक्ष रखा। ऐसे ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने तो यहां तक कह दिया कि यह युद्ध आपकी धरती पर भी आ सकता है।

मालूम होगा कि 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन से इसी व्हाइट हाउस में इन्दिरा गांधी ने कितने तीखे अंदाज में बात की थी। अमेरिका की विदेश नीति के बारे में सवाल पूछे थे। वे इसके कुछ साल बाद ही जब विदेश सेवा में आए तो उस समय इन्दिरा गांधी की अन्तरराष्ट्रीय राजनीति में दृढ़ता और भारतीय हित सर्वोपरि रखने की बात साउथ ब्लाक ( विदेश मंत्रालय) में सब जगह एक गर्व के साथ कही जाती थी। प्रसिद्ध लेखिका कैथरीन फ्रैंक ने लिखा है कि भारत की प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने इस अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन से बात की थी जैसे एक प्रोफेसर अपने किसी पढ़ाई में दिल नहीं लगाने वाले स्टूडेंट से करता है। इन्दिरा गांधी की दृढ़ता ने तो अमेरिका के सातवें बेड़े को वापस लौटा दिया था। जो पाकिस्तान की मदद करने के लिए आ रहा था। और यहां मोदी के जाने के बाद दो और अमेरिकी सेना के जहाजों में भारतीयों को हथकड़ी-बेड़ियों के साथ लाया गया। उनके जाने से पहले एक जहाज आ चुका था। हथकड़ी-बेड़ियों से बंधे भारतीयों को लेकर। लेकिन मोदी के अमेरिका जाने से लगा कि वे इस बारे में ट्रंप से विरोध करेंगे। जैसा कि संसद में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था। मगर उनके जाने के बाद अमेरिका ने दो जहाजों में और ऐसे ही बांधकर भारतीयों को भेजा। ट्रंप से नहीं कह पाए। इसीलिए लोग इन्दिरा गांधी को याद कर रहे हैं कि अगर वे होतीं तो जैसा निक्सन का हाल किया था।

# नशे के खिलाफयुद्ध

लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ पंजाब सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध शुरू किया है। सरकार का दावा है कि तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा कर दिया जाएगा। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत में किए जाते रहे हैं। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। सवाल यह है कि मान सरकार का नशे के कारोबार के खिलाफजारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिख पायेगा? उल्लेखनीय है कि मान के नेतृत्व वाले प्रशासन ने नशामुक्ति और पुनर्वास प्रयास के साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के जरिये एक व्यापक रणनीति को अंजाम देने की कोशिश की है। इस अभियान में नशामुक्ति केंद्रों और डॉक्टरों द्वारा लिखी जाने वाली दवाओं की बिक्री को विनियमित करने पर ध्यान देकर एक कारगर पहल की गई है। हालांकि, इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार कर पाए हैं? दरअसल, इस संकट




के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है। उल्लेखनीय है कि पंजाब में विगत में भी ऐसे दावे किए गए हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। निस्संदेह, उनकी सरकार ने भी इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। जिसमें सरकारी कर्मचारियों के लिये भी वार्षिक दवा परीक्षण तथा अधिकारियों की नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकथाम की जवाबदेही शामिल थी। लेकिन उसके बावजूद नशीली दवाओं का संकट जारी रहा। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफशुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। इस कार्रवाई का शिकार वे लोग होते हैं जो नशीली दवाओं के अंतिम उपयोगकर्ता नशेड़ी होते हैं। जो आमतौर पर गरीब लोग होते हैं। वहीं दूसरी ओर नशे का बड़ा कारोबार निर्बाध रूप से चलता रहता है। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। वहीं सुखद है कि हिमाचल सरकार ने छह माह में नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने का संकल्प जताया है, जिसमें तस्करों की संपत्ति जब्त करने व संदिग्ध खातों की जांच भी शामिल है।

# जेलेंस्की-ट्रम्प विवाद से नये समीकरण

> अमेरिका से जेलेंस्की यूनाइटेड किंगडम की राजधानी लंदन पहुंचे जहां उन्हें पूरे यूरोपीय देशों का समर्थन मिल गया। हालांकि उन्होंने बातचीत के लिये ट्रम्प का धन्यवाद किया है तथा ट्रम्प ने भी उनके अमेरिका छोड़ने के पहले ट्वीट किया है कि जब वे शांति की सोचें तो दोबारा आ सकते हैं। यह बहस तथा कौन सही है व कौन गलत, इसका विवाद एक ओर रख दें तो भी सारा विश्व हास्य कलाकार की भूमिका से राजनीति में आकर राष्ट्रपति बने जेलेंस्की की इस बात की प्रशंसा कर रहा है कि उन्होंने बगैर दबे जमकर बहस की तथा देश की सम्प्रभुता की दमदारी से रक्षा की। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश रूस के साथ लम्बे समय से युद्धरत छोटे से देश यूक्रेन के संसाधन तेजी से चूक रहे हैं। देश का एक बड़ा हिस्सा रूसी बमबारी से तबाह हो चुका है।

रूस के साथ पिछले तीन साल से जंग कर रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की तथा दुनिया के सबसे शक्तिशाली कहे जाने वाले देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच तीखी बहस ने दुनिया को हैरत में डाल दिया है। इसके कारण नये वैश्विक समीकरण बनते दिख रहे हैं। शुक्रवार की शाम को जेलेंस्की की ट्रम्प के साथ उनके ओवल कार्यालय में बैठक हुई थी। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी साथ थे। बातचीत ने अप्रत्याशित मोड़ ले लिया जिसके कारण ट्रम्प के भोज को ठुकराकर जेलेंस्की अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ वहां से निकल गये।

अमेरिका से जेलेंस्की यूनाइटेड किंगडम की राजधानी लंदन पहुंचे जहां उन्हें पूरे यूरोपीय देशों का समर्थन मिल गया। हालांकि उन्होंने बातचीत के लिये ट्रम्प का धन्यवाद किया है तथा ट्रम्प ने भी उनके अमेरिका छोड़ने के पहले ट्वीट किया है कि जब वे शांति की सोचें तो दोबारा आ सकते हैं। यह बहस तथा कौन सही है व कौन गलत, इसका विवाद एक ओर रख दें तो भी सारा विश्व हास्य कलाकार की भूमिका से राजनीति में आकर राष्ट्रपति बने जेलेंस्की की इस बात की प्रशंसा कर रहा है कि उन्होंने बगैर दबे जमकर बहस की तथा देश की सम्प्रभुता की दमदारी से रक्षा की। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश रूस के साथ लम्बे समय से युद्धरत छोटे से देश यूक्रेन के संसाधन तेजी से चूक रहे हैं। देश का एक बड़ा हिस्सा रूसी बमबारी से तबाह हो चुका है। दुनिया भी अब शांति विराम चाहती है। वैसे खुद यूक्रेन के लिये स्वतंत्र अस्तित्व बनाये रखने हेतु यह जरूरी हो गया है क्योंकि इसे



वापस रूस द्वारा अपने में शामिल कराये जाने का खतरा उसके सिर पर मंडरा रहा है। दूसरी बार जीतकर आने के बाद अब ट्रम्प की रुचि अंतराष्ट्रीय सम्बन्धों में कम और व्यवसाय में ज्यादा है। यूरोप भी चाहता है कि युद्धविराम हो। इस सिलसिले में जेलेंस्की गये तो थे ट्रम्प को मनाने लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन पर आरोप लगाया कि वे विश्व को तीसरे महायुद्ध की ओर ले जा रहे हैं तथा एक तरह से एहसान जतलाया कि अमेरिका ने उन्हें 350 बिलियन डॉलर दिये हैं। उन्होंने यह भी ध्यान दिलाया कि अमेरिका यदि हथियारों की मदद नहीं करता तो यूक्रेन के लिये लड़ाई में दो हफ्ते भी टिकना मुश्किल था। इसकी ईमानदार स्वीकारोक्ति जेलेंस्की ने की लेकिन वे अपनी शर्तों पर अड़े रहे। जेलेंस्की को इस बात की भनक थी कि ट्रम्प स्थिति का फायदा उठाकर उनके देश के खनिज भंडारों से सम्बन्धित समझौता कराने के लिये दबाव डाल सकते हैं। वैसा हुआ भी। सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में प्रारम्भ हुई बातचीत के आखिरी 10 मिनटों में सब कुछ बदल गया जब ट्रम्प ने उनसे कहा कि वे युद्ध रोक दें। पूरी कूटनीतिक सतर्कता बरतते हुए जेलेंस्की ने कहा कि जब तक यूक्रेन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अमेरिका नहीं लेता, वे ऐसा नहीं करेंगे। आगे यूक्रेन-अमेरिका सम्बन्ध क्या मोड़ लेते हैं, यह तो अगले कुछ दिनों में साफहो पायेगा, परन्तु आम तौर पर अमेरिका के पीछे चलने वाले सभी 27 यूरोपीय देशों ने एकता दिखाते हुए जेलेंस्की को अपना समर्थन दे दिया। इसे लेकर जल्दी ही उनकी एक बैठक होने जा रही है। आस्ट्रेलिया और कनाडा भी यूक्रेन के पक्ष में खड़े हैं। मदद किस स्वरूप में रहेगी, कितने हथियार और धन की सहायता मिलेगी यह कुछ दिनों में सामने आयेगा परन्तु यह यूक्रेन को बड़ा सम्बल प्रदान करेगी। दूसरी ओर इस मामले में रूस की जीत बतलाई जा रही है लेकिन उससे इसलिये बहुत फायदा नहीं होने जा रहा है क्योंकि यूक्रेन तो उससे पहले से ही युद्ध कर रहा है और जितना नुकसान रूस कर सकता था वह कर चुका है। अलबत्ता, यूक्रेन ने यूरोपीय देशों से अमेरिका को अलग करने में सफलता पा ली। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने 2.84 अरब डॉलर का ऋण रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिये दे दिया। जेलेंस्की ने कहा कि इस राशि का उपयोग हथियार बनाने के लिये किया जायेगा। ट्रम्प द्वारा यूक्रेन पर युद्धविराम के लिये दबाव डालना यूरोपीय देशों के अलावा कनाडा, आस्ट्रेलिया आदि को नागवार तो गुजरा है, अमेरिका द्वारा रूस का एक तरह से अप्रत्यक्ष समर्थन उन्हें बिलकुल ही हजम नहीं हो सकता क्योंकि ज्यादातर देश पूंजीवादी व्यवस्था के समर्थक हैं जबकि रूस अब भी अलग खेमा माना जाता है, बावजूद इसके कि उसके अपने साम्यवादी विचारों में काफी लचीलापन आ चुका है और सोवियत संघ का विघटन हुए तीन दशकों से अधिक का वक्त गुजर चुका है। उसके पास अब केवल कम्युनिस्ट विचारधारा का इतिहास है और शासन प्रणाली। तो भी दुनिया, खासकर यूरोपीय संघ (ईयू), नाटो जैसे संगठन अमेरिका तथा रूस में यह नजदीकी देखने की आदी नहीं है। न उसे वह रुचिकर लगेगा। सम्भवतरू यही कारण है कि जेलेंस्की-ट्रम्प वार्ता के नाकाम होने के कुछ ही घंटों के भीतर यूक्रेन के साथ इतने देश खड़े हो गये। अपने शपथ ग्रहण समारोह में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को आमंत्रित कर ट्रम्प ने पहले ही संकेत दे दिये थे।



### क्या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वरुण चक्रवर्ती खेलेंगे?


# मैं उससे काफी प्रभावित हूं: रवि शास्त्री

एजेंसी

**दुबई।** पूर्व खिलाड़ियों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करने वाले वरुण चक्रवर्ती की तारीफ की है और रवि शास्त्री ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में उसे खिलाना चाहिए। चक्रवर्ती ने न्यूजीलैंड पर आखिरी ग्रुप मैच में 44 रन से मिली जीत में 42 रन देकर पांच विकेट लिए। भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री ने इंस्टाग्राम पर आईसीसी द्वारा डाले गए वीडियो में कहा, मैं उससे काफी प्रभावित हूं। टीम प्रबंधन को पूरे अंक जाते हैं जिसने उसे उतारने का फैसला लिया। बीच के ओवरों में वह विकेट दिलाने वाला गेंदबाज है। उन्होंने कहा, यह सही समय है कि उसे मौके दिये जायें। उसे टीम में शामिल किया तो उसने पांच विकेट ले लिये। उसके मौजूदा फॉर्म और हाव भाव को देखें, उसके आत्मविश्वास और कौशल को देखें। टूर्नामेंट में अब न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका बचे हैं और उन्होंने उसके खिलाफ ज्यादा खेला नहीं है।

शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि इसी एकादश को उतारना चाहिये क्योंकि 48 घंटे के भीतर ही खेलना है। स्पिनरों की भूमिका अहम रहने वाली है। भारत के पूर्व कोच और महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने वरुण की तारीफ करते हुए ईएसपीएन क्रिकइन्फो पर कहा, मुझे लगता है कि पिछले एक डेढ साल में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है और वह लगातार मैच जिताता आया है।

चाहे तमिलनाडु हो, केकेआर या भारतीय टी20 टीम। उन्होंने कहा,अब उसे वनडे में मौका मिला है और पिच तथा हालात को देखते हुए उसे आगे भी खिलाना चाहिये। भारत को इसी पिच पर खेलना है और उसका चौतरफा स्पिन आक्रमण किसी भी टीम के लिये मुश्किलें खड़ी करेगा। भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने कहा, वरूण ने शानदार प्रदर्शन किया। कैरियर की शुरूआत में उसके प्रदर्शन में इतनी निरंतरता नहीं थी।



### ऑस्ट्रेलियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम में चोटिल शॉर्ट की जगह कोनोली

**दुबई।** युवा स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला कूपर कोनोली को चैम्पियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले के लिये चोटिल मैथ्यू शॉर्ट की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान पिंडली में चोट लगी थी। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 21 वर्ष के कोनोली को टूर्नामेंट में यात्रा रिजर्व में रखा गया था। आईसीसी टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इस बदलाव को सोमवार को मंजूरी दे दी। कोनोली ने अभी तक आस्ट्रेलिया के लिये छह अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें तीन वनडे हैं। ऑस्ट्रेलिया को मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में भारत से खेलना है।

### केएल राहुल पर गिरेगी गाज!

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऋषभ पंत को मिलेगा मौका?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मंगलवार, 4 मार्च को दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेहतरीन जीत दर्ज की। वहीं इस मेगा इवेंट में बांग्लादेश के खिलाफ केएल राहुल ने फील्डर ऑफ द मैच का मेडल जीता, लेकिन ये विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी फॉर्म को बरकरार नहीं रख सका। न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल से कई गलतियां हुई। राहुल की गलतियों ने कप्तान रोहित शर्मा और टीम मैनेजमेंट की पेरिशानी बढ़ा दी है। इस टूर्नामेंट के लिए केएल राहुल को फर्स्ट च्वॉइस विकेटकीपर के तौर पर चुना गया। जबकि ऋषभ पंत को बैकअप के तौर पर रखा गया है। अब सवाल ये है कि क्या टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में केएल राहुल के साथ उतरेगी या ऋषभ पंत को शामिल करेगी? न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल ने सबसे पहले केन विलियमसन का कैच छोड़ा।



उस दौरान केन महज 1 रन बनाकर खेल रहे थे। बाद में केन विलियमसन 81 रन की पारी बनाकर पवेलियन लौटे। न्यूजीलैंड की पारी के 26वें ओवर में केएल राहुल से फिर बड़ी गलती हो गई। कुलदीप यादव की गेंद पर टॉम लेथम की बैट का एज लगा, लेकिन केएल राहुल कैच पकड़ने में नाकाम रहे। वहीं केएल राहुल के कैच छोड़ने के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का रिएक्शन देखने लायक था। रोहित शर्मा बेहद उदास नजर आए। केएल राहुल की गलतियों का सिलसिला यहीं नहीं रुका।

### आईसीसी टूर्नामेंटों में ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड शानदार

# हमें चीजें सही करनी होगी : रोहित शर्मा

एजेंसी

**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला तय होने पर रविवार को कहा कि आईसीसी टूर्नामेंटों में ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन अच्छा रहा है और हमें इस मैच में अच्छा करने के लिए अपनी चीजें सही करनी होगी। भारत ने ग्रुप चरण के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में भारत के सामने ग्रुप बी की दूसरे स्थान की टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा।

ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद आईसीसी वनडे विश्व कप के फाइनल में भी भारत को हराया था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत के बाद पुरस्कार समारोह में प्रसारकों से कहा, '' आईसीसी टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया का अच्छा खेलने का इतिहास रहा है। हमें उस दिन अपने नियंत्रण वाली चीजें सही करनी होंगी। हमें इस पर ध्यान केंद्रित करना होगा कि उस दिन हमें क्या करना है।'' उन्होंने कहा, '' इस तरह के कम मैचों वाले टूर्नामेंट में लय बनाये रखना महत्वपूर्ण है। हमारी कोशिश हर मैच जीतने की होती है। गलतियां होती हैं लेकिन उसे सुधारना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि टीम के लिए न्यूजीलैंड पर जीत के साथ अपने अभियान को शानदार तरीके से समाप्त करना जरूरी था।भारत ने श्रेयस अय्यर के 79 रन की पारी से नौ विकेट पर 249 रन बनाने के न्यूजीलैंड को 205 रन पर आउट कर दिया। वरुण चक्रवर्ती ने 10 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट लिये। उन्होंने कहा, '' हमारे लिए शीर्ष पर पहुंचना बहुत महत्वपूर्ण था। न्यूजीलैंड एक अच्छी टीम है और हाल में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है।'' रोहित ने भारत की जीत का श्रेय वरुण चक्रवर्ती के पांच विकेट के साथ श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल (42) के बीच चौथे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी को दिया।

उन्होंने कहा, '' पहले पावरप्ले में विकेट गंवाने के बाद अक्षर-श्रेयस की साझेदारी अहम रही। उन्होंने टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। हमें इस स्कोर का बचाव करने का आत्मविश्वास था।'' उन्होंने कहा, ''वरुण के पास कुछ अलग है, हम देखना चाहते थे कि वह इन परिस्थितियों में क्या कर सकते हैं। हमें अगले मैच में टीम चयन के बारे में सोचना होगा।

यह हालांकि अच्छा सिरदर्द होगा। प्लेयर ऑफ द मैच चक्रवर्ती ने कहा, ''मुझे शुरुआती ओवरों में घबराहट महसूस हो रही थी मैंने भारत के लिए वनडे में ज्यादा नहीं खेला है, इसलिए घबराया हुआ था। मैच के आगे बढ़ने के साथ मैंने बेहतर महसूस करना शुरू किया। विराट, रोहित, श्रेयस, हार्दिक हर कोई मुझसे बात कर रहा था।'' उन्होंने कहा, '' इस पिच पर गेंद बहुत ज्यादा टर्न नहीं ले रही थी लेकिन मैंने सही जगह पर गेंदबाजी की तो इससे मदद मिली। जिस तरह से कुलदीप, जडेजा, अक्षर ने गेंदबाजी की वह शानदार था।




# न्यूजीलैंड को लग रहा था ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने का डर?

## ■ आकाश चोपड़ा ने किया सनसनीखेज दावा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने एक बड़ा दावा इंडिया वर्सेस न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी 2025 लीग मैच को लेकर किया है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने आकाश चोपड़ा ने सनसनीखेज दावा करते हुए न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाजी चुनने के फैसले पर सवाल उठाया है।

उनका कहना है कि शायद न्यूजीलैंड के मन में ये रहा होगा कि उनको सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से ना भिड़ना पड़े। आकाश चोपड़ा ने दावा किया है कि पिच को देखते हुए हर एक कप्तान आंख बंद करके पहले बल्लेबाजी ही चुनता। टीम इंडिया ने इस मैच में 249 रन बनाए और 250 रनों के जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 205 रन बनाकर ढेर हो गई और मुकाबला 44 रन से हार गई। इस मैच की विजेता को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना था। ऐसे में अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला सेमीफाइनल होगा। क्या इसी डर से न्यूजीलैंड ने इस मैच को ज्यादा सीरियस नहीं लिया? इसी को लेकर आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि वे हैरान थे कि न्यूजीलैंड की टीम ने इस पिच पर बल्लेबाजी नहीं चुनी। आकाश चोपड़ा ने कहा, क्या पहले फील्डिंग करना गलत फैसला था? यह एक बड़ा सवाल है। आपको बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। ईमानदारी से कहूं तो इस पिच पर पहले फील्डिंग कौन करता है, लेकिन आपने ऐसा किया। शायद आप ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना नहीं चाहते थे और लाहौर जाकर साउथ अफ्रीका से खेलना चाहते थे। मुझे नहीं पता कि हकीकत क्या है। अगर आप टॉस जीतते हैं, तो आप अपनी आंखें बंद करके इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करेंगे, क्योंकि यह धीमी, धीमी और धीमी होती जाती है। इस पर ना तो घास है और ना ही ओस आती है। ऐसे में अगर आपके पास अच्छे स्पिनर हैं तो आप विरोधी टीम को फंसा सकते हैं। अगर भारत को 250-270 का पीछा करना होता तो वह फंस जाते, क्योंकि आपके पास बेहतर स्पिन थी। न्यूजीलैंड को दूसरे सेमीफाइनल में 5 मार्च को साउथ अफ्रीका से भिड़ना है। ये मैच लाहौर में खेला जाएगा।



### आस्ट्रेलियाई चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में चोटिल शॉर्ट की जगह कोनोली

**नई दिल्ली।** पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 21 वर्ष के कोनोली को टूर्नामेंट में यात्रा रिजर्व में रखा गया था। आईसीसी टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इस बदलाव को सोमवार को मंजूरी दे दी। युवा स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला कूपर कोनोली को चैम्पियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले के लिये चोटिल मैथ्यू शॉर्ट की जगह आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान पिंडली में चोट लगी थी। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 21 वर्ष के कोनोली को टूर्नामेंट में यात्रा रिजर्व में रखा गया था।

# फरवरी में भारत का पीएमआई 14 महीने के निचले स्तर 56.3 पर



एजेंसी

**नई दिल्ली।** नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी रहने से इस वर्ष फरवरी में देश का मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) चौदह महीने के निचले स्तर 56.3 पर आ गया। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया पीएमआई फरवरी में गिरकर 56.3 रह गया, जो जनवरी 2025 में 57.7 था। यह 14 महीनों में सबसे निचला स्तर है। आम तौर पर, 50 से ऊपर का पीएमआई गतिविधियों के विस्तार जबकि 50 से नीचे का गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, हालांकि फरवरी में विनिर्माण पीएमआई 56.3 पर आ गया, जो पिछले महीने की तुलना में कम है लेकिन यह अभी भी मजबूती से बना हुआ है। वैश्विक मांग में मजबूती भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि को समर्थन देती रही, जिससे क्रय गतिविधि और रोजगार में वृद्धि हुई। व्यावसायिक उम्मीदें भी सकारात्मक बनी हुई हैं क्योंकि लगभग एक-तिहाई प्रतिभागियों को आने वाले वर्ष में उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल द्वारा 400 विनिर्माताओं के एक पैनल के सर्वेक्षण से तैयार किया जाता है। यह आंकड़ा अर्थशास्त्रियों, बाजारों और नीति-निर्माताओं द्वारा बारीकी से देखा जाता है। फरवरी के आंकड़ों ने लगातार 40वें महीने नए व्यवसायों में वृद्धि को दिखाया, जिसे मजबूत ग्राहक मांग और प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य निर्धारण प्रयासों से जोड़ा गया।

हालांकि विकास की समग्र गति दिसंबर 2023 के बाद से सबसे धीमी रही, फिर भी यह अपने दीर्घकालिक औसत से ऊपर बनी रही। इसके अलावा वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग बने रहने से नए निर्यात ऑर्डर में भी जोरदार वृद्धि देखी गई। हालांकि, यह विस्तार जनवरी के 14 साल के उच्चतम स्तर से कम था लेकिन फिर भी मजबूत बना रहा। नए ऑर्डर की बढ़ती संख्या के कारण विनिर्माताओं ने फरवरी में अपने कार्यबल में वृद्धि जारी रखी, जिससे रोजगार वृद्धि की वर्तमान अवधि एक वर्ष तक बढ़ गई।

## शेयर बाजार बिकवाली के दबाव में

**मुंबई।** वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स जैसी दिग्गज कंपनियों में हुयी बिकवाली के कारण शेयर बाजार पर बिकवाली का दबाव देखा जा रहा है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स हरे निशान में खुलने के बावजूद बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहा है।

# मैग्मा जनरल इंश्योरेंस और हुंडई इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग में करार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सामान्य बीमा क्षेत्र की एक प्रमुख निजी कंपनी मैग्मा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने वाहन बीमा के लिए हुंडई इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है।

कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि इस समझौते के तहत हुंडई इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग भारत में 600 से अधिक डीलरशिप पर निजी और वाणिज्यिक यात्री वाहनों के लिए मैग्मा के मोटर बीमा उत्पादों की पेशकश करेगी। इस सहयोग से वाहन मालिकों को दुर्घटनाओं, चोरी, प्राकृतिक आपदाओं और तीसरे पक्ष की देनदारियों से सुरक्षा के लिए मैग्मा के व्यापक मोटर बीमा समाधानों तक पहुंच मिलेगी। यह साझेदारी ग्राहकों को निर्बाध, लागत प्रभावी और सुलभ बीमा सेवाएं प्रदान करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पिछले सप्ताह गुरुग्राम में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर हुंडई इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीर समदानी ने कहा, हमारा लक्ष्य सबसे भरोसेमंद बीमा कंपनियों के साथ मिलकर डिज़ाइन किए गए बेहतरीन बीमा समाधान प्रदान करना है। हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक मैग्मा के गतिशील दृष्टिकोण और समाधानों से लाभान्वित होंगे। यह गठजोड़ देश भर में हमारे सभी ग्राहकों को 'बेहतरीन उत्पाद और एक बेहतरीन अनुभव' प्रदान करने के हमारे वादे को और मजबूत करेगा। मैग्मा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव कुमारस्वामी ने कहा, हम हुंडई इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जो भारत में दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई है। यह साझेदारी हमारे यात्री कार पोर्टफोलियो को मजबूत करने की एक रणनीतिक पहल है। मोटर बीमा उत्पादों की हमारी विस्तृत श्रृंखला और विभिन्न ग्राहक खंडों को अंडरराइट करने में एक दशक से अधिक की विशेषज्ञता के साथ हम हुंडई इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग के ग्राहकों को देश भर में बीमा और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करने में सक्षम होंगे।



### आने वाले वर्षों में परिसंपत्ति वर्ग के रूप में सोने की प्रासंगिकता बढ़ेगी : नागेश्वरन

**नयी दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि आने वाले वर्षों में परिसंपत्ति वर्ग के रूप में सोने की प्रासंगिकता बढ़ेगी। उन्होंने आईजीपीसी - आईआईएमए वार्षिक स्वर्ण और स्वर्ण बाजार सम्मेलन 2025 में कहा कि सोना न केवल मूल्य के रूप में, सांस्कृतिक और धार्मिक उद्देश्यों के रूप में, बल्कि एक महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो विविधीकरण तंत्र के रूप में भी प्रासंगिक बना रहेगा। उन्होंने कहा कि जब तक कि दुनिया मौजूदा अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक गैर-प्रणाली से अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली तक पहुंचने में सक्षम नहीं हो जाती, तब तक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में सोने का महत्व बना रहेगा।

### अबूझमाड़ मैराथन को और भव्य बनाया जाएगा: साय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि 'अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन' सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह बस्तर की समृद्ध संस्कृति, शांति और विकास का प्रतीक बन चुका है। इस प्रतिष्ठित मैराथन में देश-विदेश के हजारों धावकों ने भाग लिया और अमन, चैन और खुशहाली का स्पष्ट संदेश दिया। श्री साय ने कहा कि यह आयोजन न केवल क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देता है, बल्कि सामाजिक समरसता और सौहार्द को भी मजबूत करता है।

उन्होंने इस आयोजन को बस्तर क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से बस्तर में शांति और विकास की नई राह खुली है। इससे पहले, बस्तर ओलंपिक में भी एक लाख 65 हजार से अधिक प्रतिभागियों की ऐतिहासिक भागीदारी देखी गई थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बस्तर क्षेत्र अब नई संभावनाओं और उपलब्धियों की ओर अग्रसर है। श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और यह आयोजन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मैग्मा जनरल इंश्योरेंस और हुंडई इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग में करार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सामान्य बीमा क्षेत्र की एक प्रमुख निजी कंपनी मैग्मा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (मैग्मा) ने वाहन बीमा के लिए हुंडई इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड (एचआईआईबी) के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि इस समझौते के तहत हुंडई इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग भारत में 600 से अधिक डीलरशिप पर निजी और वाणिज्यिक यात्री वाहनों के लिए मैग्मा के मोटर बीमा उत्पादों की पेशकश करेगी। इस सहयोग से वाहन मालिकों को दुर्घटनाओं, चोरी, प्राकृतिक आपदाओं और तीसरे पक्ष की देनदारियों से सुरक्षा के लिए मैग्मा के व्यापक मोटर बीमा समाधानों तक पहुंच मिलेगी। यह साझेदारी ग्राहकों को निर्बाध, लागत प्रभावी और सुलभ बीमा सेवाएं प्रदान करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पिछले सप्ताह गुरुग्राम में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर हुंडई इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकिंग के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीर समदानी ने कहा, हमारा लक्ष्य सबसे भरोसेमंद बीमा कंपनियों के साथ मिलकर डिज़ाइन किए गए।

# प्रणव कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने आईपीओ के लिए किया आवेदन

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई स्थित रियल एस्टेट कंपनी प्रणव कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से पूंजीबाजार से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी के आवेदन में कहा गया है कि 10 रुपये अंकित मूल्य वाले आईपीओ में प्रमोटर और निवेशक सेलिंग शेयरहोल्डर द्वारा 28,56,869 इक्विटी शेयरों की बिक्री के प्रस्ताव के साथ 392 करोड़ रुपये का नया निर्गम शामिल है। बिक्री के प्रस्ताव में बायोऊर्जा इंडिया इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 23,07,472 इक्विटी शेयर और रवि रामलिंगम द्वारा 5,49,397 इक्विटी शेयर शामिल हैं।




कंपनी, बुक-रनिंग लीड मैनेजरों के परामर्श से निर्दिष्ट प्रतिभूतियों के निर्गम पर विचार कर सकती है, जो कुल मिलाकर 78.40 करोड़ रुपये होगी, क्योंकि प्री-आईपीओ प्लेसमेंट नए निर्गम के आकार के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। यदि ऐसा प्लेसमेंट पूरा हो जाता है, तो नए निर्गम का आकार कम हो जाएगा। यह पेशकश बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से की जा रही है, जिसमें कम से कम 75 प्रतिशत पेशकश योग्य संस्थागत खरीदारों को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगी, गैर-संस्थागत बोलीदाताओं को आवंटन के लिए पेशकश का 15 प्रतिशत से अधिक उपलब्ध नहीं होगा, और खुदरा व्यक्तिगत बोलीदाताओं को आवंटन के लिए पेशकश का 10प्रतिशत से कम उपलब्ध नहीं होगा।

इसके नए निर्गम से 223.75 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है जो सरकारी और वैधानिक अनुमोदन प्राप्त करने और अतिरिक्त एफएसआई की खरीद के लिए वित्तपोषण लागत और वैकल्पिक आवास के लिए सदस्यों को मुआवजे की लागत और इसके कुछ निर्माणाधीन

पुनर्विकास परियोजनाओं और इसके कुछ आगामी पुनर्विकास परियोजनाओं के विकास के बारे में कठिनाई मुआवजा के लिए होगी।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007



# रेखा गुप्ता ने दिल्ली बजट पर लोगों से मांगे सुझाव

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि आने वाला दिल्ली का बजट जनता का बजट होगा, जिसमें जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए समाज के सभी वर्गों के सुझावों को शामिल करेगी।


श्रीमती गुप्ता ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि दिल्ली बजट पर कोई भी व्यक्ति अपना सुझाव दे सकता है। इसके लिए एक ईमेल और एक व्हाट्सऐप नंबर 9999962025 जारी किया है। इसमें दिल्ली का कोई व्यक्ति सुझाव दे सकता है। उन्होंने कहा कि पांच मार्च को महिला संगठनों को आमंत्रित किया है, ताकि वह अपना सुझाव दे सके। इसी दिन शिक्षा जगत से जुड़े लोगों को भी सुझाव के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा छह मार्च को व्यापारिक संगठन के लोगों से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली का बजट 24 मार्च से 26 मार्च के बीच पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के सुझावों से शामिल करके विकसित दिल्ली का बजट पेश करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी क्षेत्र के लोगों के साथ बजट संवाद करेंगे और उनसे सुझाव लेंगे। उसी आधार पर विकसित दिल्ली का बजट तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में जितने भी वादे किए हैं उन सभी को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गया है कि बजट के लिए सभी वर्ग से सुझाव लिया जाए और उन सुझाव को बजट में रखा जाये। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी विधायक और मंत्री आगामी बजट पर विचार जानने के लिए जनता के बीच जाएंगे।

### सुनील कुमार सिंह ने की विधान परिषद की सदस्यता बहाली करने की मांग

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता सुनील कुमार सिंह ने बिहार विधान परिषद के सभापति से आज तत्काल प्रभाव से उनकी सदन की सदस्यता बहाल करने का अनुरोध किया।

श्री सिंह ने सोमवार को अपने पत्र में 25 फरवरी को आए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि अदालत ने स्पष्ट और बाध्यकारी निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने 26 फरवरी को भी सभापति को पत्र लिखकर संविधान और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए सदस्यता बहाल करने की अपील की थी।

## मणिपुर में पिछले 24 घंटों में दो उग्रवादी गिरफ्तार, 20 हथियार जमा किये गये




एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 20 हथियार स्वेच्छा से जमा किये गये। मणिपुर पुलिस ने सोमवार को बताया कि इंफाल-पूर्वी जिले के नगारियान हिल की पहाड़ी से प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप)-केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो सक्रिय कार्यकर्ताओं को पकड़ा गया।

उनके पास से दो 09 एमएम पिस्तौल और अन्य गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि कांगपोकपी जिले के हराओथेल में एक अवैध बंकर मिला, जिसे नष्ट कर दिया गया। इंफाल पूर्वी, बिष्णुपुर, जिरीबाम और इंफाल पश्चिमी जिलों में लोगों ने कुल 20 विभिन्न प्रकार के हथियार, विभिन्न गोला-बारूद/युद्ध सामग्री और अन्य विविध वस्तुओं को स्वेच्छा से जमा किया गया।

मणिपुर के राज्यपाल ए.के. भल्ला ने सभी से छह मार्च को शाम चार बजे तक हथियार सौंपने को कहा था। पहली बार हथियार सौंपने के लिए 20 फरवरी से एक सप्ताह का समय दिया गया था, जिसे फिर से बढ़ा दिया गया था। इस अवधि के दौरान, स्वेच्छा से हथियार सौंपने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त सामाचार

### अपराधियों ने उप मुखिया को गोली मारकर घायल किया

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर पंचायत के उप मुखिया कमलेश यादव को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने सोमवार को यहां बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उप मुखिया कमलेश यादव को इलाज के लिए एकमा के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद चिकित्सक ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घायल कमलेश यादव के बयान पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही इस मामले के मुख्य अभियुक्त रूद्रपुर गांव निवासी मनीष कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य अभियुक्तो के गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से नदी में गिरी बाइक, एक की मौत

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के मिर्जापुर क्षेत्र में गंदेवड़ हथनीकुंड मार्ग पर सोमवार सुबह ट्रैक्टर ट्राली का किनारा लगने से बाइक सवार तीन युवक नहर में गिर गए जिनमें से एक की मृत्यु हो गयी जबकि दो को बचा लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे सचिन, लवीस और कार्तिक निवासी गांव लतीफपुर भूड़ पावटा साहिब से बाइक से गांव लौट रहे थे कि गांव नौशेरा के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली का किनारा लगने से बाइक बेकाबू होकर नहर में जा गिरी। इस हादसे में कार्तिक (20) नहर में बह गया। ग्रामीणों ने नहर से कुछ दूरी पर जब उसे निकाला तो उसकी मौत हो चुकी थी। आसपास के लोगों ने दो अन्य युवकों सचिन और लवीस को सकुशल बचा लिया।

### मजिस्ट्रेट के सूने मकान में चोरी करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में में न्यायिक मजिस्ट्रेट के सूने घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के मुख्य सरगना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अब्दुल्ला 19 वर्ष निवासी सामोला पुलिस थाना अरावली विहार अलवर के रूप में हुई है, पुलिस ने आरोपी को गत रात्रि गिरफ्तार किया है। इस मामले में शामिल दो नाबालिगों को पूर्व में ही निरुद्ध कर चुकी है। पुलिस के अनुसार आदतन अपराधी अब्दुल्ला पर जिले के विभिन्न थानों में चोरी के 17 मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं। इसमें विजय मंदिर थाना लक्ष्मणगढ़ थाना एनईबी थाना सदर थाना अरावली विहार में छह मुकदमे दर्ज है।

### इनामी अपराधी समेत दो गिरफ्तार

**कटिहार।** बिहार में कटिहार जिले की मुफस्सिल थाना पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी समेत दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि फरार चल रहे 15 हजार रुपये का इनामी अपराधी बिजली यादव उर्फ पुरुषोत्तम यादव की तलाश पुलिस को लंबे समय से थी। इसी क्रम में मुफस्सिल थाना को अपराधी के एक ठिकाने पर छुपे होने की सूचना मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार देर रात छापेमारी की। इस कार्रवाई में पुलिस ने बिजली यादव और उसके एक सहयोगी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया।

## नीतीश-भाजपा सरकार वंचितों और गरीबों के आरक्षण की विरोधी : सत्येंद्र

एजेंसी



**पटना।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) विधायक सत्येन्द्र यादव ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार वंचितों और गरीबो के आरक्षण की विरोधी सरकार है और आरक्षण को संविधान के नौवीं अनुसूची में शामिल नहीं करना उनकी आरक्षण विरोधी मानसिकता दर्शाता है।

65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान के नौवी अनुसूची में शामिल करने,स्मार्ट बिजली मीटर पर रोक लगाने,गरीब और मध्यम वर्ग के आमलोगों पर बिधुत बिभाग की गुंडागर्दी पर रोक लगाने सहित अन्य मांगो को लेकर विधानसभा परिसर में माकपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के विधायकों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में माकपा विधायक अजय कुमार,सत्येन्द्र यादव और भाकपा विधायक सूर्यकान्त पासवान शामिल रहे। इस अवसर पर श्री सत्येन्द्र ने आरोप लगाते हुये कहा कि नीतीश-भाजपा सरकार वंचितों और गरीबो के आरक्षण की विरोधी सरकार है। उन्होंने कहा कि आरक्षण को संविधान के नौवीं अनुसूची में शामिल नहीं करना उनकी आरक्षण विरोधी मानसिकता दर्शाता है। गरीबो और मध्यम वर्ग के आमलोगों पर स्मार्ट बिजली मीटर लगाकर उनका आर्थिक दोहन किया जा रहा है। विधुत विभाग की गुंडागर्दी चरम पर गरीबो को परेशान किया जा रहा है। सरकार की जनविरोधी नीतियों से आमलोगों में काफी आक्रोश है। सिर्फ सड़क और पुल निर्माण से विकास की बात नहीं की जा सकती क्योंकि पूरे बिहार में शिक्षा , स्वास्थ्य की जो हालत दयनीय है वो सबके सामने है। बेरोजगारी के चलते बिहार के युवा अपने राज्य बिहार से बाहर जाने को मजबूर है। नीतीश' भाजपा सरकार के खिलाफ आमलोगों में काफी आक्रोश है। सर्वे में भी श्री कुमार की लोकप्रियता घटी है अब सरकार से उनका विदाई तय है।

## कांग्रेस ने क्रिकेटर को लेकर पार्टी प्रवक्ता शमा की टिप्पणी से किया किनारा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद के क्रिकेटर रोहित शर्मा को लेकर की गयी टिप्पणी से खुद को अलग करते हुए कहा है कि पार्टी इस तरह के बयान से इत्तेफ़ाक़ नहीं रखती है, इसलिए डॉ. शमा को यह पोस्ट हटाने को कहा गया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां जारी बयान में कहा, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने एक क्रिकेट दिग्गज के बारे में कुछ टिप्पणियाँ की हैं जो पार्टी के विचार को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं। उन्हें सोशल मीडिया एक्स से इस पोस्ट को हटाने के लिए कहा गया है और भविष्य में इस तरह का कोई भी बयान देने से सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस खेल दिग्गजों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है और उनकी विरासत को कमजोर करने वाले बयान का समर्थन नहीं करती है। गौरतलब है कि डॉ. शमा ने क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा को मोटा बताते हुए एक ट्वीट किया है, जिसके बाद बवाल मच गया। भारतीय जनता पार्टी ने इस पर कड़ी टिप्पणी की है, जिसके बाद कांग्रेस ने डॉ. शमा को यह पोस्ट हटाने के लिए कहा है।

## पालघर जिला हिंदी साहित्य समिति का होली-काव्योत्सव तालियों की गड़गड़ाहट के संपन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता



**पालघर।** जिला में हिंदी साहित्य समिति द्वारा आयोजित होली काव्योत्सव आदरणीया कुसुम शर्मा जी,सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष,सोनोपंत दांडेकर महाविद्यालय की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में क्लासिकल संगीत के साधक श्री अनिल पोतेदार जी ने अपनी भूमिका का निर्वहन बड़ी ही सरलता-सहजता व कुशलता से करते हुए सबके मन को मोह लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में काव्य सृजन न्यास के संस्थापक श्री शिवप्रकाश जमदग्निपुरी जी व उमरौली,पालघर में स्थापित माँ शक्ति धाम के मुख्य महंत श्री संतोष राय जी कार्यक्रम के अंत तक उपस्थित रहे। सर्च इण्डिया 24 न्यूज़ के संपादक श्री जय प्रकाश जायसवाल जी की विशेष उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती की पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कुमारी कृतिका ने मधुर कण्ठ से माँ सरस्वती की वंदना गाकर उपस्थित श्रोताओं व मंचासीन सम्मानित सदस्यों की तालियाँ बटोरी। समिति के संस्थापक व अध्यक्ष श्री अमित दुबे जी ने अपने संचालन में श्रोताओं को साहित्य की विविध विधाओं से परिचित कराते हुए हास्य की छटाँ बिखेरी।दुबे जी के बेहतरीन संचालन में कवि अरूप दुबे,श्री शिव प्रकाश जमदग्निपुरी,श्री कल्पेश यादव,श्री सुधाकर मिश्रा,श्री संपत उजाला जी,श्री शेखर तिवारी,श्रीमती रेणु शुक्ला,श्री अभय चौरसिया, श्री शांताराम परदेशी,श्री अवधेश विश्वकर्मा ने होली पर आधारित अपनी-अपनी कविताओं और गीतों से सबको लुभाया और अंत तक एक-दूसरे पर भारी होते रहे।स्पाइडर क्रिकेट अकादमी के संस्थापक श्री ललित शुक्ला जी व सेवानिवृत्त प्राध्यापक श्री सुधीर कुलकर्णी जी कार्यक्रम के अंत तक श्रोताओं को प्रोत्साहित करते रहे। मुख्य अतिथि श्री अनिल पोतेदार जी ने अपनी शास्त्रीय शैली से सबके हृदय में पल भर में ही अपना स्थान बना लिया।शास्त्रीय गीतों में होली गीत व नाट्य गीतों पर उनके अलाप को श्रोता नि:शब्द हो सुनते रहे।नि:संदेह! पोतेदार जी सबके हृदय को जीत लिया।

कार्यक्रम अध्यक्षा ने अपने संबोधन में साहित्य की प्रासंगिकता पर बल देते हुए साहित्य को आत्मसात् करने को कहा। समिति की महासचिव श्रीमती रेणु शुक्ला जी ने आभार ज्ञापन किया और अल्पाहार के निमंत्रण के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## दिव्यांगता न्यायिक सेवाओं से वंचित करने का आधार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि केवल दिव्यांगता के आधार पर किसी भी अभ्यर्थी (संबंधित पद के आवेदक) को न्यायिक सेवाओं से वंचित नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने दृष्टिबाधित और दृष्टिहीन अभ्यार्थियों को न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति से बाहर रखने वाले मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियम की शर्तों के उस भाग को निरस्त करते हुए कहा कि वे (दृष्टिहीन और दृष्टिबाधित) भारत की न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति के आवेदन के पात्र हैं। पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति महादेवन ने कहा, मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियम 1994 के नियम 6ए को निरस्त किया जाता है, क्योंकि यह दृष्टिबाधित और दृष्टिहीन उम्मीदवारों को न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति से बाहर रखता है। पीठ ने कई पहलुओं पर गौर करने के बाद कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार उनकी (दिव्यांग व्यक्तियों की) पात्रता का आकलन करते समय उन्हें उचित सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट तौर कहा कि दृष्टिबाधित और कम दृष्टि वाले अभ्यर्थी न्यायिक सेवा के पदों के लिए चयन में भाग लेने के हकदार होंगे। पीठ ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को न्यायिक सेवा की भर्ती में किसी भी तरह के भेदभाव का सामना नहीं करना चाहिए और राज्य को समावेशी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सकारात्मक कार्रवाई प्रदान करनी चाहिए। पीठ ने फैसले में आगे कहा कि वह संवैधानिक ढांचे और संस्थागत अक्षमता ढांचे से निपटता है और इस मामले को सबसे महत्वपूर्ण मानता है। शीर्ष अदालत के समक्ष एक दृष्टिबाधित अभ्यर्थी की मां ने पिछले साल मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा (भर्ती और सेवा शर्तें) नियम में शामिल उक्त नियम के खिलाफ पत्र याचिका दी थी, जिस पर अदालत ने स्वत: संज्ञान मामला दर्ज किया था।

### कार डम्पर की टक्कर से चालक की मौत

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में कार और डंपर के बीच आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के गाडरवारा तहसील में एक कार और डम्पर के बीच देर रात आमने सामने से टक्कर हो जाने से इस घटना में कार चालक की मौत हो गई। कार में सवार तीन लोग घायल हुए और सभी को अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया कि सांईखेडा से शादी समारोह में हिस्सा लेकर पलोहा वापस लौट रहे गुर्जर परिवार की कार कामती मोड पर डम्पर से टकरा कर खेत में जाकर पलट गई। चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घायल चार सदस्यों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## जनरल चौहान कल आस्ट्रेलिया की चार दिन यात्रा पर जायेंगे

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान कल ऑस्ट्रेलिया की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार उनकी इस यात्रा को रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते संबंधों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वह ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा करेंगे।

चर्चा में ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल के प्रमुख जनरल एडमिरल डेविड जॉनसन, उनके रक्षा सचिव ग्रेग मोरियार्टी और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलिया की परिचालन कमान संरचना की जानकारी हासिल करने और संयुक्त अभियानों के लिए संभावित अवसरों पर चर्चा करने के लिए सीडीएस जनरल अनिल चौहान फोर्स कमांड मुख्यालय का दौरा करेंगे। जनरल चौहान ऑस्ट्रेलियाई फ्लीट कमांडर और संयुक्त ऑपरेशन कमांडर से भी बातचीत करेंगे। पेशेवर सैन्य प्रशिक्षण और शिक्षा के लिए भारत की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, सीडीएस प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियाई रक्षा कॉलेज का दौरा करने वाले हैं, जहां वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक चुनौतियों पर वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करेंगे। सीडीएस ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट में एक गोलमेज चर्चा की अध्यक्षता भी करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को रेखांकित करती है, जो व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत राजनयिक और सैन्य सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता साझा करते हैं और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अधिक सहयोग को बढ़ावा देते हैं।

### भाजपा ने की क्रिकेटर रोहित शर्मा पर कांग्रेस प्रवक्ता की टिप्पणी की निंदा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद की क्रिकेटर रोहित शर्मा पर टिप्पणी की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि कांग्रेस अब भारतीय क्रिकेट टीम से भी नफरत करने लगी है। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस भारतीय एजेंसियों और संगठनों से पहले से नफरत करती थी। अब उसने भारतीय क्रिकेट टीम से भी नफरत करना शुरू कर दिया है। श्री पूनावाला ने कहा कि रोहित शर्मा पर कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद की ओर से की गयी टिप्पणी से पता चलता है कि वे भारत की किसी भी उपलब्धि और जीत से ईर्ष्या करते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, यह बहुत शर्मनाक है कि कांग्रेस का एक आधिकारिक प्रवक्ता ऐसा बयान दे रहा है। यह कांग्रेस का बयान है। उन्हें लगता है कि केवल एक व्यक्ति हर चीज के लिए फिट है और वह है राहुल गांधी। वे देश के खिलाफ इतने हैं कि आज वे हमारे देश के क्रिकेट कप्तान के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

